

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 172

ग्वालियर, शुक्रवार, 11 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## अमृतसर में नवजोत सिंह सिद्धू और मजीठिया पिछड़े, आप ने बढ़ाई बढ़त

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा चुनाव का मतगणना जारी है और यहां आम आदमी पार्टी निर्णायक बढ़त की ओर अग्रसर दिखती है। यहां अमृतसर जिले की कुल 11 विधानसभा सीटों पर इस बार साल 2022 में 65.87 प्रतिशत मतदान हुआ है। पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। अमृतसर जिले में वोट डालने के प्रति उत्साह शहरियों से अधिक ग्रामीणों ने दिखाया है। जिले में सबसे अधिक वोट अजनाला विधानसभा क्षेत्र में डले हैं, जहां 76.1 प्रतिशत वोटिंग हुई है। वहीं, शहरी इलाके में सबसे अधिक मतदान अमृतसर ईस्ट में 63.3 प्रतिशत हुआ। अमृतसर जिले में सभी 11 सीटों पर 20 फरवरी 2022 को वोट डाले गए थे।

**अजनाला सीट–** इस सीट पर कांग्रेस के हरप्रताप सिंह, शिरोमणि अकाली दल के अमरपाल सिंह बोनी अजनाला, आम आदमी पार्टी के कुलदीप सिंह धालीवाल समेत कुल 10 उम्?मीदवारों ने चुनाव लड़ा है। 2017 में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हरप्रताप सिंह ने शिरोमणि अकाली दल के अमरपाल सिंह बोनी अजनाला को 18713 मतों के अंतर से हराकर सीट जीती थी।





**राजा सांसी सीट–** पंजाब की राजा सांसी विधानसभा सीट अमृतसर जिले के अंतर्गत आती है। इस सीट पर कांग्रेस के सुखबिंदर सिंह सरकारिया, शिरोमणि अकाली दल के वीर सिंह और आम आदमी पार्टी के बलदेव सिंह समेत कुल 10 उम्?मीदवारों ने चुनाव लड़ा है। 2017 में, इस सीट पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सुखबिंदर सिंह सरकारिया ने शिरोमणि अकाली दल के वीर सिंह लोपोके को 5727 मतों के अंतर से हराया था।

**मजीठा सीट–** अमृतसर जिले की मजीठा विधानसभा सीट पर पंजाब चुनाव 2022 में कांग्रेस के जगविंदर पाल सिंह, भाजपा के तेजिंदर सिंह रंधावा और आम आदमी पार्टी के सुखजिंदर राज सिंह के बीच कड़ा मुकाबला है। 2017 में शिरोमणि अकाली दल के बिक्रम सिंह मजीठिया ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के सुखजिंदर राज सिंह (लाली) को 22884 वोटों के अंतर से हराया था।

**जंडियाला सीट–** अमृतसर की जंडियाला विधानसभा सीट पर शिरोमणि अकाली दल के सतिंदरजीत सिंह, कांग्रेस के सुखविंदर सिंह, आप आदमी पार्टी के हरभजन सिंह के बीच टक?कर हुई। 2017 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के सुखविंदर सिंह डैनी बंडाला ने शिरोमणि अकाली दल के दलबीर सिंह को 18422 वोटों के अंतर से हराकर सीट जीती थी।

## जनता ने दिखाया 'डबल इंजन सरकार' पर भरोसा: केंद्रीय मंत्री सिंधिया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में ग्वालियर पहुंचे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनता ने भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह साफ है, कि डबल



इंजन वाली सरकार देश की जनता, उनके भरोसे और उनकी प्रगति के लिए हमेशा खड़ी रहती है। सिंधिया ने यह टिप्पणी गुरुवार को 3 दिवसीय दौरे पर शहर पहुंचे हैं। सिंधिया ने कहा कि चुनावी माहौल में भी भारतीय छात्रों को यूक्रेन से वापस लाया गया। पीएम मोदी ने कई बैठकें कीं, विभिन्न प्रधानमंत्रियों से बात की और बहुत कम समय में छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला जो पहले कभी नहीं हुआ। सिंधिया ने कहा कि शहर में देश का पहला ड्रोन स्कूल शुरू होगा। देश में नई तकनीक पेश की जाएगी। इस मौके पर सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सहित कई मंत्री मौजूद रहने वाले हैं।

# यूपी में फिर योगी सरकार, फिर मिला पूर्ण बहुमत, झोली में आयीं 270 सीटें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक बार फिर 'कमल' खिल गया है। तीन दशकों से चर्चा में रहे कई मिथकों को तोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी सूबे की सत्ता में दोबारा काबिज हुई है। हालांकि साल 2017 के मुकाबले भाजपा अपने सहयोगियों के साथ 325 सीटें पाने में कामयाब हुई थी लेकिन इस बार उसे 270 सीटों से ही संतोष करना पड़ा है। लेकिन जनता ने इस बार भी उसे स्पष्ट बहुमत दिया है। हालांकि योगी सरकार के कई मंत्री चुनाव हार गये। लेकिन विपक्ष किसी भी मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार को घेरने में सफल नहीं हुई।



गुरुवार सुबह आठ बजे शुरु हुई मतगणना में भाजपा ने प्रारम्भ से ही बढ़त बनानी शुरु कर दी थी। दोपहर होते-होते तक भाजपा 200 के आंकड़े को रूझानों में पार कर चुकी थी। बाद में देर शाम तक उसने अपने सहयोगियों के साथ 270 सीटें हासिल कर बहुमत के 202 के आंकड़े को भी बहुत पीछे छोड़ दिया। हालांकि निर्वाचन आयोग देर रात तक ही अधिकृत तौर पर परिणामों की घोषणा करेगा। चुनावों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर सदर विधानसभा सीट से प्रचण्ड जीत हासिल की। पहली बार विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरे योगी आदित्यनाथ ने निकटतम प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी की सुभावती शुक्ला को 1,02399 मतों से शिकस्त दी। वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने मैनपुरी जिले की करहल सीट से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल को 66782 मतों से हराया। वहीं योगी सरकार में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कौशाम्बी जिले की सिराथू विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी पल्लवी पटेल से कांटे की टक्कर में हैं। उधर, विधानसभा चुनाव की तरीख की घोषणा होते ही पाला बदलने वाले योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ धर्म सिंह सैनी को हार झेलनी पड़ी है। प्रदेश में अपने को कद्दावर नेता बताने वाले इन दोनों नेताओं को भाजपा प्रत्याशियों ने शिकस्त दी।

### राष्ट्रवाद, विकास और सुशासन की हुई जीत-योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दूसरी बार भाजपा को बड़ी जीत मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे राष्ट्रवाद, विकास और सुशासन की जीत करार दिया है। साथ ही उन्होंने जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मार्गदर्शन और नेतृत्व को भी दिया। उन्होंने कहा कि यह बहुमत भाजपा के राष्ट्रवाद, विकास और सुशासन के मॉडल को यूपी की 25 करोड़ जनता का आशीर्वाद है। इसे हम सबको स्वीकार करते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विकास और सबके प्रयास के नारे पर आगे बढ़ना होगा। चुनाव परिणामों और बढ़त के बीच देर शाम भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहां मौजूद अपार भीड़ को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीते पांच सालों में डबल इंजन की सरकार ने जिस तरह से यूपी में सुरक्षा देने का काम किया, उसे लोगों ने सराहा है। हमने जिस तरह से पीएम मोदी की लीडरशिप में विकास और कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाया है, उसका परिणाम है कि आज जनता ने जातिवाद, वंशवाद की राजनीति को परास्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी हमने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में डटकर काम किया।

## मायावती ने किया भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त !

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। यूं तो भाजपा की जीत के कई कारण गिनाये जा रहे हैं जिनमें मुफ्त राशन



और सख्त प्रशासन प्रमुख है। लेकिन चुनाव से पहले और चुनावों के दौरान जिस तरह का माहौल समाजवादी पार्टी का बना था वह ईवीएम खुलने पर नहीं दिखा। हालांकि समाजवादी पार्टी ने अपनी सीटों में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी की लेकिन सत्ता उनसे दूर ही रही। लेकिन भाजपा की जीत में एक तथ्य सबसे महत्वपूर्ण है और वह है बहुजन समाज पार्टी। बसपा का भाजपा को अघोषित साथ मिला। जिसके कारण भाजपा की बल्ले-बल्ले हुई और सपा के हाथ से सत्ता फिसल गयी। दरअसल बसपा ने उप्र विधानसभा की 122 सीटों पर ऐसे उम्मीदवार खड़े किए, जो सपा के उम्मीदवार की ही जाति के थे। इनमें 91 मुस्लिम बहुल, 15 यादव बहुल्य सीटें थीं। सपा के रणनीतिकार इन सीटों को अपनी झोली में आता साफ देख रहे थे। लेकिन इनमें अधिकांश पर भाजपा ने बाजी मार ली। बसपा का हिन्दू दलित वोट बैंक भी बिना आवाज किए भाजपा के पाले में जा खड़ा हुआ। तभी तो इस चुनाव में भाजपा को करीब 42 फीसदी के आसपास वोट मिले हैं।

### केजरीवाल की हुंकार, नतीजों ने बता दिया केजरीवाल आंतकवादी नहीं



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के लोगों ने कमाल कर दिया। पंजाब में यह बहुत बड़ा इंकलाब है। पंजाब में बड़ी-बड़ी कुर्सियां हिल गईं। सुखबीर सिंह बादल, कैप्टन अमरिंदर सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी, प्रकाश सिंह बादल, नवजोत सिंह सिद्धू, बिक्रम सिंह मजीठिया हार गए। उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने कहा था कि आजादी मिलने के बाद अगर हमने सिस्टम नहीं बदला, तब कुछ नहीं होगा। दोस्तो दुख की बात है कि पिछले 75 साल से इन पार्टियों और नेताओं ने अंग्रेजों वाला सिस्टम रखा हुआ था। यह लोग देश को लूट रहे थे। कोई भी स्कूल और अस्पताल नहीं बनाए। लोगों को जानबूझकर गरीब रखा गया। उन्होंने कहा कि आप ने पिछले 7 सालों में अंग्रेजों वाला सिस्टम बदला है। हम लोगों ने ईमानदार राजनीति की और लोगों के काम की शुरुआत की है। अब स्कूल बनने लगे हैं, गरीबों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने लगी है। बाबा साहेब अंबेडकर और भगत सिंह का सपना पूरा होने लगा है। लेकिन यह इतना आसान नहीं है, यह सभी लोग एकसाथ मिलकर आज देश को आगे बढ़ने से रोकना चाहती है।

## यूक्रेन पर रासायनिक हमले की योजना! रूस-यूएस ने एक दूसरे पर लगाए आरोप



**कीव।** रूस-यूक्रेन जंग को 15 दिन हो गए है। युद्ध के तनावपूर्ण हालात के बीच अमेरिका ने दावा किया है कि रूस, यूक्रेन पर केमिकल या जैविक हथियारों से हमला कर सकता है। व्हाइट हाउस की ओर से एक बयान जारी करके कहा गया है कि रूस यूक्रेन पर बायोलॉजिकल या फिर केमिकल हथियार से हमले की तैयारी कर रहा है, हमें इस पर नजर रखनी चाहिए।

व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी जेन साकी ने दावा किया है कि हमारे पास इसको लेकर चिंतित होने की अहम वजह है। हमें रूस पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संभव है कि रूस गलत वजह को आधार बनाकर केमिकल हमला कर सकता है, क्योंकि पहले भी ऐसा करता आया है। जेन साकी ने ट्वीट किया, 'हमें यूक्रेन में कथित अमेरिकी जैविक हथियार लैब और रासायनिक हथियारों के विकास के बारे में रूस के झूठे दावों पर ध्यान देना चाहिए। हमने चीन के अधिकारियों को भी देखा है कि वह इस तरह के दावों का समर्थन कर रहे हैं, जो एक सुनियोजित साजिश है। हमने पिछले कुछ साल में रूस की ओर से इस तरह की अफवाह पहले भी यूक्रेन व अन्य देशों को लेकर देखी है, जोकि पहले भी गलत साबित हुई हैं।'इस बीच रूस ने भी दावा किया है कि उसने यूक्रेन में ऐसे जैविक हथियारों को खोज निकाला है जो अमेरिका की सरपस्ती में यहां रखे गए हैं। रूस ने कहा है कि इन जैविक हथियारों का मकसद सैन्य इस्तेमाल है। साकी ने कहा कि अमेरिका केमिकल वेपन कंवेशन एंड बॉयोलॉजिकल वेपंस कंवेशन के नियमों का पूरी तरह से पालन करता है। इस तरह के हथियार ना तो तैयार करता है और नहीं अपने पास कहीं भी रखता है।

## यूपी में प्रियंका गांधी का भी नहीं चला जादू लड़की हूं लड़ सकती हूं नारा हुआ फेल

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम के अभी तक सामने आए रुझानों में कांग्रेस एक बार फिर फिसड्डी साबित हुई है। राज्य की 403 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस पार्टी खाता भी खोल पाती है या नहीं, शाम तक स्थिति साफ हो जाएगी। शुरुआती रुझानों में पांच-छह सीटों पर आगे चल रही थी लेकिन ताजा रूझान बताते हैं कि कांग्रेस अब केवल एक सीट पर बढ़त बनाए हुई है। यूपी के चुनाव परिणाम और रुझानों ने एक बात तो साफ कर दिया है कि कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का जादू राज्य में नहीं चल पाया है। इसके साथ-साथ कांग्रेस पार्टी का चर्चित नारा %लड़की हूं लड़ सकती हूं% भी फेल हो गया है। पंजाब में भी कांग्रेस का कुछ ऐसा ही हाल हुआ है। यूपी में 2017 के



विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरे थे। अंत में स्थिति ऐसी हो गई थी कि मात्र 7 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। हालांकि, कांग्रेस ने यह चुनाव अखिलेश यादव की अगुवाई वाली समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ी थी। तब राहुल और अखिलेश की जोड़ी खूब चर्चा में थी। इस बार के यूपी चुनाव में प्रियंका गांधी ने शुरू से मोहड़ा संभाला था। चुनाव घोषणा पत्र के रूप में कांग्रेस ने युवाओं के लिए %युवा विधान% और महिलाओं के लिए %शक्ति विधान% घोषणा पत्र जारी किया था, जो काम नहीं आया। इसके साथ-साथ किसान कर्ज माफी, बिजली बिल हाफ, सरकारी नौकरी के वादे को भी जनता ने नकार दिया है। यूपी चुनाव परिणाम के लिए अभी तक जो रुझान सामने आये हैं उसमें योगी आदित्यनाथ की एक बार फिर सत्ता में वापसी हो रही है। अभी तक के रूझानों में बीजेपी 261 सीटों पर आगे चल रही है। जबकि सपा गठबंधन 137 और बसपा दो सीटों पर आगे चल रही है। वहीं अन्य पार्टियां तीन सीटों पर आगे चल रही हैं। अभी तक के रुझानों से यह साफ हो गया है कि यूपी में बीजेपी की एक बार फिर वापसी हो रही है।

## भाजपा ने सपा की जो छवि बनायी उसे तोड़ नहीं पाये अखिलेश

**लखनऊ।** परिवारवादी, माफियावादी, भ्रष्टाचारी, मुस्लिम परस्त ऐसी ही कुछ छवि भारतीय जनता पार्टी ने उप्र विधानसभा चुनावों के दौरान समाजवादी पार्टी की बनायी। चरण दर चरण भाजपा नेता लगातार इन्हीं बातों पर जोर देते रहे और जनता से हामी भरवाते रहे। वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा द्वारा सेट किए गए 'नेरेटिव' को तोड़ने का भरपूर प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाये और यही उनकी हार का कारण भी बना जबकि उन्होंने भाजपा से ज्यादा लोक लुभावन वादे किए थे। समाजवादी पार्टी के लिए यही बात संतोषजनक है कि उसने 2017 की अपेक्षा दोगुनी सीटें



जीत ली हैं। उधर, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा तीन दशकों का रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाने जा रही है। उप्र विधानसभा चुनावों एक ओर भाजपा सपा की छवि को रंग दे रही थी तो वहीं अखिलेश यादव 'नई सपा' का नारा देकर पार्टी की उस पुरानी छवि को तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन वह सफल होते नहीं दिखे। इसके अलावा सपा ने जेल में बंद कुछ नेताओं, दागी और बहुबली लोगों को चुनाव में उतार दिया। यह भी आम जनता में गलत संदेश दे गया। उधर, सस्ती बिजली, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का वादा, शिक्षामित्रों को फिर से सहायक अध्यापक बनाने और पुरानी पेंशन लागू करने जैसी चुनावी घोषणाएं भी फेल हो गईं। यही नहीं, चुनावों के दौरान में सपा नेताओं के आए विवादित वीडियो भी अखिलेश के खिलाफ चले गए। इस बार के चुनाव में अखिलेश यादव ने रोजगार के मुद्दे को खूब जोर-शोर से उछाला। सपा को उम्मीद थी कि इससे युवाओं को आकर्षित करने में सफल हो जाएगी।

## खास खबर

### कपल के बीच झगड़ा, लड़के ने आत्महत्या कर ली

**तमिलनाडु।** चेन्नई से चौका देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कपल के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया हैं, कि लड़के ने आत्महत्या कर ली। पति और पत्नी के बीच मोबाइल पर बात करने कोलेकर काफी झगड़ा हुआ जिसके बाद पति का फोन पत्नी ने तोड़ दिया। गुस्साए पति अपने आप को खत्म कर दिया। दरअसल मामला चेन्नई के सुंगुवरछत्रम का है, मृतक लड़का एक प्राइवेट नौकरी करता था। मृतक की पहचान कृषणा नाम से हुई है। वह 22 साल का था। कुछ समय पहले उसने अपनी गर्लफ्रेंड पूजा से शादी की थी। दोनों के बीच 6 महीने पहले कोई बात हुई थी जिसके बाद पूजा वापस अपने घर लौट गई थी। 6 महीने बाद पूजा जब कृषणा के पास लौटी,तब उस ये उम्मीद थी, कि उसका पति उसे प्यार करेगा लेकिन उसने देखा कि लड़का किसी के फोन पर बात करने में काफी व्यस्त है। वह लगभग एक घंटे से किसी लड़की से बात कर रहा था। यह देखकर पूजा को गुस्सा आ गया और खाने के समय अपने पति से पूछा कि आखिर वह किससे बात कर रहा है। लड़के ने जवाब दिया कि वह अपनी ऑफिस की सह कर्मी से फोन पर बात कर रहा था।

### गोवा में सरकार बनाने का दावा पेश करेगी भाजपा, निर्दलीयों का मिलेगा साथ

**पणजी।** गोवा की 40 सदस्यीय विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर रही भाजपा बृहस्पतिवार की शाम राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन पिल्लई से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने इसकी जानकारी दी। भारत निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा ने अब तक पांच सीटों पर जीत हासिल की है, राज्य में 15 अन्य सीटों पर आगे चल रही है, जहां मतगणना अभी जारी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि पणजी में शाम लगभग चार बजे भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें दल के नेता का फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''इसके बाद पार्टी अगली सरकार बनाने का दावा पेश करेगी।'' भाजपा ने कहा है कि तीन निर्दलीय उम्मीदवार, जो वर्तमान में अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रहे हैं, पार्टी के संपर्क में हैं। पार्टी के नेता ने कहा कि बिचोलिम विधानसभा क्षेत्र से जीते निर्दलीय उम्मीदवार डॉ.चंद्रकांत शेट्टी ने जीत की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से मुलाकात की।

### शादी का झांसा देकर होटल के रिसेप्शनिस्ट ने किया दुष्कर्म

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में होटल के रिसेप्शनिस्ट को 20 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, आरोपी योगेश उत्तराखंड का रहने वाला है।पुलिस के अनुसार, आरोपी ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ कथित तौर पर कई बार दुष्कर्म किया। यूपी से ताल्लुक रखने वाली महिला द्वारा पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, उसकी आरोपी से आठ से नौ महीने पहले दोस्ती हुई थी। महिला ने दावा किया कि आरोपी ने उससे शादी का वादा किया था। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी उस होटल के स्टाफ रूम में ले जाकर वहां उसके साथ अंतरंग होता था। महिला ने बताया कि वह एक महीने की गर्भवती है, जब आरोपी ने उससे शादी करने से इनकार कर उस छोड़ दिया, तब वह पुलिस का रुख करने को मजबूर हो गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी योगेश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-376(2) के तहत एक ही महिला के साथ-साथ बार-बार दुष्कर्म करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

### लालू यादव की किडनी की फिर होगी जांच

**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री रहते रांची के डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपये की अवैध निकासी करने वाले राजद सुप्रीमो लालू यादव की हालत बेहद खराब बताई जा रही है। किडनी ज्यादा डैमेज होने के कारण रांची रिम्स के डाक्टरों की सात सदस्यीय टीम ने उनके मछली और नॉनवेज खाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी की जा रही है। कई तरह की जांच कराई गई है। डाक्टरों ने कहा है कि एक सप्ताह बाद दोबारा उनकी किडनी की जांच कराई जाएगी। वर्तमान दवाएं अगर असरदार साबित नहीं हुईं तो नई दवाएं चलाई जाएंगी। जरूरत पड़ने पर उन्हें एम्स दिल्ली भी रेफर किया जा सकता है। सात सदस्यीय डाक्टरों की टीम का नेतृत्व कर रहे डा विद्यापति के अनुसार, लालू यादव की किडनी खराब होने का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि क्रिएटिनिन लेवल 4.1 पहुंच गया है। एक महीना पूर्व क्रिएटिनिन लेवल 3.5 था। क्रिएटिनिन लेवल बढ़ने के कारण ही उनकी सेहत पर बुरा असर दिख रहा है। क्रिएटिनिन लेवल नियंत्रित करने के लिए लालू यादव को कई सलाह दी गई हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### अय्यर, मिताली और दीप्ति आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की दौड़ में

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को पुरुष जबकि महिला वर्ग से कप्तान मिताली राज और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को फरवरी माह में किये अच्छे प्रदर्शन के लिये आईसीसी 'महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी% के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। इसके अलावा पुरूष वर्ग से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बल्लेबाज वृत्य अरविंद और नेपाल के दीपेंद्र सिंह एरी भी पुस्कार की दौड़ में शामिल हैं। वहीं महिला वर्ग से न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर एमेलिया केर, मिताली और दीप्ति के नाम भी इसमें शामिल है। अय्यर ने फरवरी में भारत की ओर से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय में 80 रन बनाये और आखिरी टी20 में 16 गेंद में 25 रन बनाए। अय्यर श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में तीसरे नंबर पर उतरे ओर उन्होंने तीनों मैचों में अर्धशतक लगाये। इस प्रकार उन्होंने 174 .35 की स्ट्राइक रेट से 204 रन बनाये। उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला। वहीं मिताली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन अर्धशतक समेत 232 रन बनाए। अंतिम एकदिवसीय में वह 54 रन बनाकर नाबाद रही। हरफनमौला दीप्ति ने एकदिवसीय सीरीज सबसे ज्यादा दस विकेट लेने के साथ ही 116 रन भी बनाए।

### चैंपियंस लीग मैच के कारण शायद ही राफेला के जन्मदिन समारोह में शामिल हों नेमार

**रियो डि जिनेरिया ।** ब्राजील के स्टार फुटबॉलर और पेरिस सेंट-जर्मन (पीएसजी) क्लब के नेमार इस बार शायद ही अपनी बहन राफेला के जन्मदिन समारोह में रहेंगे। नेमार पिछले 4-5 साल से अपनी बहन राफेला सैंटोस का जन्मदिन मनाते आए हैं पर इस बार उन्हें क्लब की ओर से खेलना है। उनकी टीम को चैंपियंस लीग राउंड ऑफ 16 में रियल मैड्रिड से खेलना है। अगर वह मैड्रिड में चोट से बचता है तो वह बोर्डो के खिलाफ रविवार की लीग में खेलने के लिए पर्याप्त रूप से फिट होगा। वहीं दूसरी ओर नेमार की बहन उधर राफेला ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह इस साल अपने जन्मदिन पर क्या योजना बना रही है। हालांकि इससे पहले ही वह पार्टी के मूड में दिख रही है। उन्हें नवीनतम इंस्टाग्राम पोस्ट में एक नाइट क्लब में मस्ती करते हुए दिखाया गया है। गौरतलब है कि दुनियाभर में नेमार के प्रशंसकों की भारी तादाद है। वहीं इंस्टाग्राम पर राफेला के चाहने वालों की संख्या 40 लाख 45 हजार से भी ज्यादा है।

### ईशानी के साथ शादी के बंधन में बंधे राहुल चाहर

**नई दिल्ली ।** क्रिकेटर राहुल चाहर फैशन डिजाइनर दोस्त ईशानी जौहर के साथ शादी के बंधन में बंध गये हैं। राहुल और ईशानी की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी आई हैं। इस दंपत्ति की साल 2019 में सगाई हुई थी। इसके बाद 9 मार्च को उन्होंने गोवा में हुए एक समारोह में शादी की है। इस दंपत्ति की शादी का प्रीति भोज समारोह 12 मार्च को होगा। इससे पहले बुधवार सुबह इस दंपत्ति के मेहंदी और हलदी समारोह की तस्वीरें खूब वायरल हुई थीं। इस समारोह में राहुल ने जहां क्रीम रंग की शेरवानी पहनी थी जबकि ईशान हरे रंग के लहंगे में बेहद आकर्षण नजर आयीं।

### महिला विश्वकपः झूलन गोस्वामी ने वर्ल्डकप में रचा इतिहास

# 39 साल की उम्र में 39 विकेटों का विश्व रिकार्ड बनाया

**हैमिल्टन ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप मुकाबले में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। चकदा एक्सप्रेस के नाम से मशहूर 39 साल की झूलन ने वनडे वर्ल्ड कप में 39 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। वह वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर लिन फुलस्टन की बराबरी कर ली है। फुलस्टन ने 1982-1988 के बीच वर्ल्ड कप में खेले 20 मैचों में ये कमाल किया था। वहीं, झूलन ने को 39 विकेट लेने में 30 मैच लगे।

झूलन गोस्वामी ने गुरुवार को न्यूजीलैंड की कैटी मार्टिन को अपना 39वां शिकार बनाया। उनको ये विकेट आखिरी ओवर में मिला। मैच में झूलन ने 9 ओवर गेंदबाजी की और 41 रन देकर एक विकेट अपने नाम किए। मैच में उन्होंने एक मेडन ओवर भी डाला। अब तक बंगाल की इस तेज गेंदबाज ने 12 टेस्ट में 44 विकेट, 197 वनडे में 248 विकेट और 68 टी-20 मैच में 56 विकेट झटके हैं। टीम इंडिया को वर्ल्ड कप में अगला मुकाबला 12 मार्च को खेलना है। उम्मीद है कि झूलन जब वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में उतरेंगी तो वो फुलस्टोन का रिकॉर्ड तोड़ देंगी।

**झूलन का पांचवा वर्ल्ड कप :** भारतीय महिला टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी लगभग 20 सालों से भारत के लिए क्रिकेट खेल रही हैं। ये झूलन का 5वां वर्ल्ड कप है। पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को मात दी थी। वहीं, दूसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को 261 रन का टारगेट




दिया है। एमी सैटरथवेट (75) न्यूजीलैंड के लिए टॉप स्कोरर रही, जबकि अमेलिया केर ने 50 रन की पारी खेली। टीम इंडिया के लिए पूजा वस्त्राकर ने 34 रन देकर सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए। भारतीय टीम आज तक एक भी वर्ल्ड कप अपने नाम नहीं कर पाई है। इस बार टीम इंडिया को वर्ल्ड कप जीतने का फेवरेट माना जा रहा है।

## 42 गेंदों पर भारत को 90 रन की जरूरत, हरमनप्रीत और झूलन क्रीज पर

न्यूजीलैंड ने महिला वर्ल्ड कप के 8वें मैच में भारत के सामने 261 रन का टारगेट रखा है। जिसके पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 43 ओवर तक 7 विकेट खोकर 171 रन बना लिए हैं। झूलन गोस्वामी 1 और उप-कप्तान हरमनप्रीत कौर 70 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। टारगेट का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही और स्मृति मंधाना 21 गेंदों पर 6 रन बनाकर जेस केर की गेंद पर आउट हो गई। भारत का दूसरा विकेट दीप्ति शर्मा (5) के रूप में गिरा। हूं को ये विकेट रिव्यू पर मिला। दरअसल, अंपायर ने दीप्ति को नॉट-आउट दिया था, जिसके बाद न्यूजीलैंड ने रिव्यू लिया। रीप्ले में नजर आया कि गेंद ऑफ स्टंप की लाइन पर थी और सीधा दीप्ति के पैड पर जाकर लगी थी। भारत ने दो विकेट 26 के स्कोर पर गंवाए। दो विकेट जल्दी गंवाने के बाद तीसरे विकेट के लिए यास्तिका भाटिया और मिताली राज ने 55 गेंदों पर 24 रन जोड़कर भारत की पारी को पटरी पर लाने का काम किया, तभी भाटिया 59 गेंदों पर 28 रन बनाकर ली तहुहू की गेंद पर आउट हो गई। मिताली राज और हरमनप्रीत कौर ने 63 गेंदों पर 47 रन जोड़े। इस साझेदारी ने टीम इंडिया की उम्मीदों को जिंदा रखा। नजरें जमा चुकी भारतीय कप्तान मिताली राज 56 गेंदों पर 31 रन बनाकर अमेलिया केर की गेंद पर स्टंप आउट हो गई। टीम इस झटके से संभल भी नहीं पाई थी कि अगली ही गेंद पर विकेटकीपर ऋचा घोष बिना खाता खोले बोल्ड हो गई। पिछले मैच की स्टार स्नेह राणा (18) और पूजा वस्त्राकर 6 रन बनाकर आउट हुई। इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग करते हुए कीवी टीम ने 9 विकेट खोकर 260 रन बनाए थे। एमी सैटरथवेट (75) टॉप स्कोरर रही।



*डुनेडिन में महिला विश्वकप में डियेन्ड्रा डोटिन टीम कर्मियों के साथ उत्साहित नजर आयीं।*

## दूसरे टेस्ट के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में लगी है पीसीबी

**कराची ।** ऑस्ट्रेलियाई के साथ यहां होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को देखते हुए पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियां यहां जांच में लगी हैं। इसका मकसद किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना को टालना है। इससे पहले जब ऑस्ट्रेलियाई टीम रावलपिंडी में पहला टेस्ट खेल रही थी तब पेशावर में धमाके हुए थे। उसके बाद से ही ऑस्ट्रेलियाई दल से सुरक्षा को लेकर चिन्ताएं व्यक्त की थीं। इसी को देखते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अब कोई गलती नहीं करना चाह रहा है। सिंध रेंजर्स के साथ पुलिस ने नेशनल स्टेडियम के आसपास के क्षेत्रों सहित कराची में जबरदस्त तलाशी अभियान चलाया है। जिससे की किसी प्रकार का कोई जोखिम न रहे। ऑस्ट्रलियाई टीम के एक क्रिकेटर एश्टन एगर की पत्नी को यहां पहुंचने के बाद धमकी भी मिली थी जिसके कारण पीसीबी पूरी सतर्कता बरत रही है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम साल 1998 के बाद पहली बार पाक दौरे पर पहुंची है।

## आईसीसी के टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे जडेजा

**दुबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के रविंद्र जडेजा आईसीसी ऑलराउंडरों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। जडेजा ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में नाबाद 175 रनों की पारी खेलने के साथ ही गेंदबाजी में भी कुल नौ विकेट लिए थे। जडेजा ने पहली पारी में पांच जबकि दूसरी पारी में चार विकेट लिए थे। इसका फायदा उन्हें मिला है ओर वह सबसे ज्यादा 406 रेटिंग अंक लेकर विश्व के नंबर एक ऑलराउंडर बन गये हैं। वहीं 382 अंकों के साथ ही वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर दूसरे और 347 अंक लेकर भारत के ही रविचंद्रन अश्विन तीसरे नंबर पर हैं। वहीं बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट कोहली और ऋषभ पंत ऊपर आये हैं। मोहाली में 96 रनों की पारी खेलने वाले ऋषभ शीर्ष दस बल्लेबाजों में शामिल हो गये हें। 723 रेटिंग के साथ ऋषभ 10वें नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं भारत के विराट कोहली 763 रेटिंग अंक के साथ 5वें और 761 रेंटिंग अंक के साथ रोहित शर्मा छठे स्थान पर हैं जबकि रीज शुरू होने से पहले



विराट 7वें पर थे। वहीं आईसीसी बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लबुशेन पहले स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी टेस्ट में लबुशेन ने 90 रनों की पारी खेली थी। उनके 936 रेटिंग अंक हो गये हैं। वहीं इंग्लैंड के जो रूट दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ तीसरे नंबर पर हैं। जडेजा को बल्लेबाजी रैंकिंग में भी 17 स्थान का फायदा हुआ है। वह अब 37वें नंबर पर हैं। जडेजा को गेंदबाजी रैंकिंग में भी तीन स्थान का फायदा हुआ है। इसमें वह 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं आईसीसी गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस 892 रेंटिंग अंक लेकर नंबर एक स्थान पर हैं।

## व्यापार न्यूज

### डॉलर के मुकाबले रुपया 42 पैसे चढ़ा

**मुंबई ।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की मतगणना के शुरुआती रूझानों और घरेलू शेयर बाजार के मजबूत होने के बीच रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 42 पैसे चढ़कर 76.20 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.27 पर खुला। फिर यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 42 पैसे की बढ़त दर्ज करते हुए 76.20 के स्तर पर आ गया। पिछले सत्र में बुधवार को रुपया 38 पैसे की तेजी के साथ 76.62 प्रति डॉलर के स्तर बंद हुआ था। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, गोवा और मणिपुर में हाल में विधानसभा चुनाव हुए थे, जहां गुरुवार को मतगणना हो रही है। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.12 पर आ गया।

### अशनीर ग्रोवर ओर उनकी पत्नी ने 8.2 करोड़ अग्रिम कर का भुगतान किया

**मुंबई ।** डिजिटल भुगतान कंपनी भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर ने आकलन वर्ष 2022-23 के लिए 7.1 करोड़ रुपए के अग्रिम कर का भुगतान किया है। ग्रोवर की पत्नी माधुरी जैन ने भी अग्रिम कर के रूप में 1.1 करोड़ रुपए जमा किए हैं। जानकारी के मुता??बिक अशनीर ग्रोवर ने आठ मार्च को 7.1 करोड़ रुपए के अग्रिम कर का भुगतान किया और माधुरी जैन ने भी आकलन वर्ष 2022-23 के लिए अग्रिम कर के रूप में 1.1 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। इसके साथ ही ग्रोवर लगातार दूसरे वर्ष सर्वाधिक कर अदा करने वाले स्टार्टअप संस्थापकों में से एक बन गए हैं। ग्रोवर, भारतपे में धन की कथित अनियमितता और कर चोरी के मामले को लेकर कर अधिकारियों की जांच के घेरे में हैं। जीएसटी अधिकारी भारतपे का बीते चार साल का लेखाजोखा जांच रहे हैं। बाहरी लेखा कंपनी की जांच में कथित वित्तीय अनियमितता में लिप्त पाए जाने के कारण भारतपे ने हाल में अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी को सभी पदों से हटा दिया था।

### सरकार ने हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के आयात पर प्रतिबंधों का किया ऐलान

**नई दिल्ली ।** सरकार ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) के आयात पर कई तरह की पाबंदियां लगा दीं। इस रसायन का इस्तेमाल रेफ्रिजरेटर और वातानुकूलन (ऐसी) में किया जाता है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा ?कि एचएफसी की आयात नीति को मुक्त से बदलकर कर में पाबंदी में डाल दिया गया है। हालांकि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर इसका आयात किया जा सकता है।




# और यूक्रेन युद्ध से भारत पर मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ाः रघुराम राजन

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में पैदा हुए गतिरोध को देखते हुए भारत को कीमत नियंत्रण संबंधी अपनी प्रतिक्रिया में बदलाव लाने की



जरूरत है। राजन ने कहा कि महंगाई के खिलाफ इस जंग में हार होने पर न तो सरकार और न ही आरबीआई का मकसद पूरा हो पाएगा। किसी भी केंद्रीय बैंक के लिए सरकार से मिले निर्देश का सम्मान करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहाकि भारत के केंद्रीय बैंक को एक निर्देश है और वह उस पर खरा भी उतरा है। महामारी के समय ब्याज दरों में बढ़ोतरी न कर मध्यम स्तर की महंगाई को तरजीह दी गई। आरबीआई को यह निर्देश है कि महंगाई को चार फीसदी के स्तर पर रखा जाए, जिसमें दो प्रतिशत कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखी गई है। किसी भी अन्य केंद्रीय बैंक की तरह हमें भी नई चुनौतियां आने पर समाधान करना है। ऐसा नहीं करने पर यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा नहीं होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत में महंगाई की मौजूदा स्थिति एक अस्थायी झटका है, तो उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में पहले से ही ऊंचे स्तर पर मौजूद महंगाई के ऊपर की स्थिति है। इस तरह युद्ध का अतिरिक्त प्रभाव पड़ता है, जिससे महंगाई बढ़ रही है। आरबीआई की ओर से प्रस्तावित केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा से लेनदेन की गति में सुधार होगा। नकदी की लागत घटाने में मदद मिलेगी।

### यूक्रेन ने गेहूं, जई और अन्य खाद्य पदार्थों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया

**लंदन ।** यूकेन सरकार ने गेहूं, जई और अन्य खाद्य अनाज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। यूक्रेन के अधिकारी यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि वे रूस के साथ गहन युद्ध के दौरान लोगों को भोजन उपलब्ध करा सकें। एक सरकारी घोषणा के अनुसार इस सप्ताह पेश किए गए कृषि निर्यात पर नए नियम भी मोटे अनाज, कुट्टू, चीनी, जीवित मवेशी और मांस एवं इसके अन्य उप-उत्पादों के निर्यात पर रोक लगाते हैं। यूक्रेन के कृषि और खाद्य नीति मंत्री रोमन लेशचेंको ने सरकारी वेबसाइट और अपने फेसबुक पेज पर जारी एक बयान में कहा कि यूक्रेन में मानवीय संकट बाजार को स्थिर करने और महत्वपूर्ण खाद्य उत्पादों में आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए निर्यात प्रतिबंध की आवश्यकता है। यह इस बात का ताजा संकेत है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से यूरोप, अफ्रीका और एशिया के लोगों की खाद्य आपूर्ति और आजीविका को खतरा है, जो इस काला सागर क्षेत्र के खेतों पर निर्भर करते हैं। रूस और यूक्रेन मिलकर दुनिया के लगभग एक-तिहाई गेहूं और जौ के निर्यात की जरूरत की आपूर्ति करते हैं। वे जो उत्पाद भेजते हैं, उन्हें दुनियाभर में ब्रेड, नूडल्स और जानवरों के चारे में बनाया जाता है और इनकी किसी भी प्रकार की कोई कमी होने से मिस्र और लेबनान जैसी जगहों पर खाद्य असुरक्षा की स्थिति पैदा हो सकती है।

## यूएई के तेल उत्पादन बढ़ाने के संकेतों से कच्चे तेल में गिरावट

**मुंबई ।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट देखने को मिली है। बताया जा रहा है ?कि कीमतों पर नियंत्रण के लिए यूएई तेल उत्पादन बढ़ाने के पक्ष में है। इसी के साथ तेल की कीमतों में गुरुवार को अधिकतम 18 प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली है और ब्रेंट क्रूड 113 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे आ गया है। इससे पहले इसी हफ्ते ब्रेंट क्रूड 139 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच



गया था। कीमतों का ये स्तर बीते 14 सालों में सबसे ऊंचा स्तर रहा है। रूस यूक्रेन संकट की वजह से कीमतों में एक हफ्ते में 30 प्रतिशत से ज्यादा की उछाल देखने को मिल चुका है। दरअसल एक खबर में अमेरिका में यूएई के राजदूत के हवाले से लिखा है कि यूएई उत्पादन बढ़ाने के पक्ष में है। वहीं रॉयटर्स ने बाजार के जानकारों से बात कर लिखा है कि यूएई तुरंत 8 लाख बैरल तेल का उत्पादन बढ़ा सकता है, जो कि रूस पर लगे प्रतिबंधों से घटी सप्लाई के सातवें हिस्से की भरपाई कर देगा। वहीं आने वाले समय में ईरान से भी सप्लाई बढ़ने का अनुमान है जिससे भी आगे दबाव और कम होने का अनुमान दिया गया है। इन संकेतों को देखते हुए जानकारों ने अनुमान दिया है कि कीमतों में आगे और कमी आ सकती है। दरअसल तेल उत्पादक देशों को भी आशंका है कि तेल कीमतों में इतने उछाल से मांग पर नकारात्मक असर पड़ेगा, वहीं अर्थव्यवस्थाओं में महंगे तेल से अगर सुस्ती आती है तो कच्चे तेल की कीमतों में और गिरावट आएगी। इसलिए ओपेक देश तेल उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

### सेबी के पूर्णकालिक सदस्य बने भाटिया

**नई दिल्ली ।** सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक अश्विनी भाटिया को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने भाटिया की नियुक्ति को शुरुआत में तीन साल की अवधि के लिए मंजूरी दी और यह अवधि प्रभार संभालने की तारीख से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि भाटिया को पूर्णकालिक सदस्य (डब्ल्यूटीएम) बनाए जाने के साथ ही अब सेबी में पूर्णकालिक सदस्य का केवल एक पद रिक्त है। भाटिया को अगस्त 2020 में एसबीआई का प्रबंध निदेशक बनाया गया था, वह इस वर्ष मई में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

## एक्सडीआर की तुलना में ज्यादा रिज़ॉल्यूशन वाला होगा डिस्प्ले

**सैन फ्रांसिस्को ।** मौजूदा प्रो डिस्प्ले एक्सडीआर की तुलना में एप्पल 7000 से ज्यादा रिज़ॉल्यूशन वाला स्टूडियो डिस्प्ले बनाने पर काम कर रही है। एप्पल स्टूडियो डिस्प्ले एप्पल के प्रो डिस्प्ले एक्सडीआर 32-इंच 6000(6,016 ए-3,384 पिक्सल, 218 पीपीआई) रिज़ॉल्यूशन डिस्प्ले की तुलना में अधिक रिज़ॉल्यूशन को स्पोर्ट करेगा, जो 2019 के आखिर में लॉन्च हुआ था। पिछले साल, रिपोर्ट्स ने सुझाव दिया था कि एप्पल बिल्ट-इन ए13 चिप के साथ एक नए डिस्प्ले का परीक्षण कर रहा है। एक अन्य रिपोर्टर के अनुसार, क्यूपर्टिनो 2022 में मौजूदा प्रो डिस्प्ले एक्सडीआर की आधी कीमत पर एक नया बाहरी



डिस्प्ले पेश करने की योजना बना रहा है। ब्लूमबर्ग के मार्क गुरमन ने हाल ही में बताया कि एप्पल ने 2022 में कई नए मैक पेश करने की योजना बनाई है, साथ ही एक नया बाहरी डिस्प्ले जो नियमित यूजर्स पर लक्षित प्रो डिस्प्ले एक्सडीआर की कीमत का आधा है। एप्पल एक बड़े पैमाने पर 20-इंच के फोल्डेबल डिस्प्ले वाले डिवाइस पर भी काम कर रहा है, जो अगर बाजार में आता है, तो फोल्डेबल के पूरे परिदृश्य को बदल देगा।

एप्पल डिवाइस में एक डुअल-स्क्रीन डिस्प्ले होगा जो एक भौतिक कीबोर्ड और ट्रैकपैड के साथ में होगा और एक टचस्क्रीन यूजर्स को डिवाइस पर नेविगेट करने और टाइप करने में मदद करेगी। डिस्प्ले सप्लाई चेन कंसल्टेंट्स (डीएससीसी) के विश्लेषक रॉस यंग की एक रिपोर्ट ने पहले सुझाव दिया था कि एप्पल एक बड़ी, फोल्ड स्क्रीन के साथ एक उपकरण विकसित करने की योजना बना रहा है।

### नथिंग कंपनी लॉन्च कर सकती नया स्मार्टफोन

**नई दिल्ली ।** ट्वीट्स की एक सीरीज में कंपनी नथिंग के कार्ल पेई ने पिछले महीने एक संकेत दिया था कि स्मार्टफोन बिजनेस में एंट्री करने के लिए कंपनी काम कर रही है। अब एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी एक साल से ज्यादा समय से स्मार्टफोन पर काम कर रही है और इसे अगले महीने तक लॉन्च कर सकती है। कंपनी के करीबी एक सूत्र के अनुसार, कंपनी ने ÷बार्सिलोना में इस हफ्ते के मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस इवेंट में इंडस्ट्री के कई प्रमुख अधिकारियों÷ के साथ बैठक में डिवाइस का एक प्रोटोटाइप दिखाया है। टेकक्रंच ने ऐसी ही एक बैठक की एक फोटो भी शेयर की है जिसमें नथिंग के सीईओ ने क्वालकॉम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ मुलाकात की थी। हालांकि, स्मार्टफोन के बारे में कोई भी डिटेल उपलब्ध नहीं है। इस प्रोडक्ट में ठीक वैसी ही डिजाइन लैंग्वेज और ट्रांसपेरेंसी के एलीमेंट्स दिए जाएंगे जो कंपनी के पहले प्रोडक्ट में देखे गए थे। पिछले साल जुलाई में एक इंटरव्यू के दौरान पेई ने कहा था कि ÷हमारे पास पाइपलाइन में बहुत सारे प्रोडक्ट हैं। इस साल की शुरुआत में, हमने एक कम्यूनिटी क्राउडफंडिंग राउंड किया था जहां हमने अपनी कम्यूनिटी को 1.5 मिलियन डॉलर आवंटित किए थे। यह वास्तव में बहुत जल्दी खरीदा गया था।

# सोशल मीडिया पर वायरल हो रही दीपिका पादुकोण की तस्वीर, स्टाइल के मुरीद हुए फैंस



दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के लिस्ट में आती है। जो अक्सर अपने स्टाइल और लुक्स को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। दीपिका पादुकोण के लुक्स और फैशन सेंस की लोग अक्सर तारीफ करते हुए नजर आते हैं। अब एक बार फिर से दीपिका पादुकोण ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। जिसकी उनके चाहने वाले जमकर तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर शेयर की उसमें वो ब्लू कलर की ड्रेस में दिखाई दे रही है। अपनी इस तस्वीर को शेयर करते हुए दीपिका पादुकोण ने कैप्शन में लिखा कि, समर ऑलरेडी। दीपिका पादुकोण की ये तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। जिस पर उनके फैंस ने भी अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण की इस तस्वीर पर अब तक करीब 11 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं वहीं कई फैंस ने कमेंट करके उनकी खूबसूरती की तारीफ की है। अगर हम बात करें दीपिका पादुकोण के लुक की तो इसमे अभिनेत्री ने वन पीस ड्रेस के साथ लाइट ब्लू ओवर कोर्ट और ब्लू कलर की हाई हील्स के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया है। अगर बात करें दीपिका पादुकोण के काम की तो वो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। जिसमे पठान शामिल है। इसके अलावा दीपिका पादुकोण प्रभास के साथ नाग अश्विन की एक फिल्म में नजर आएंगी।

## संगीत वीडियो की तस्वीर ने राहुल वैद्य और दिशा परमार की शादी की खबरों को दी हवा

लोकप्रिय गायक राहुल वैद्य और अभिनेत्री एवं मॉडल दिशा परमार की शादी को लेकर कुछ समय से गपशप का दौर चल रहा है। इस जोड़ी ने जब शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें पोस्ट कीं तो उनके प्रशंसकों में उत्साह पैदा हो गया। यह पता चला है कि तस्वीर उनके नए संगीत वीडियो माधन्या से हैं। तस्वीरों में राहुल एक दूल्हे के गैटअप में तैयार हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि दिशा गुलाबी लहंगे में दुल्हन के रूप में शानदार लग रही हैं। उन्होंने हैवी ज्वैलरी के साथ लुक को पूरा किया है। उन्होंने तस्वीरों को कैप्शन देते हुए कहा, नई शुरूआत। शादी के कपड़ों में तस्वीर साझा करने और इसके कैप्शन में नई शुरूआत लिखे जाने के बाद तस्वीर एक घंटे से भी कम समय में ही 1.6 लाख से अधिक लाइक्स बटोर चुकी थी। कई प्रशंसक ऐसे भी रहे, जिन्होंने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि दोनों शादी के बंधन में बंध चुके हैं।

**एक यूजर ने लिखा, शादी हो गई क्या?**

**अन्य यूजर ने लिखा, शादीशुदा जीवन मुबारक हो।**

वहीं एक यूजर ने सवाल पूछते हुए कहा कि यह कब हुआ? राहुल वैद्य बिग बॉस 14 में लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुके हैं। इस सीजन के दौरान उनकी और दिशा परमार की लव स्टोरी काफी चर्चित रही। शो के दौरान उन्होंने दिशा को प्रपोज किया। दिशा ने बिग बॉस के घर आकर उनका प्रपोजल स्वीकार भी किया।

## महिलाओं को सम्मानजनक स्थिति में नहीं दिखाने वाली कहानी का हिस्सा नहीं बनूंगी : अहाना कुमरा




अहाना कुमरा कहती हैं कि एक अभिनेत्री होने के नाते वह सिनेमा की शक्ति और प्रभाव को समझती हैं और यही कारण है कि वह कभी भी एक ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनना चाहती हैं, जो महिलाओं के सम्मानजनक चित्रण की पेशकश नहीं करती है। उन्होंने कहा, मैं एक अभिनेत्री के रूप में जानती हूं, मेरे पास लोगों को प्रभावित करने की शक्ति है और मैं इसका उपयोग सही दिशा में करना चाहती हूं। फिल्में समाज, विशेष रूप से युवा दिमागों पर भारी प्रभाव डाल सकती हैं। इसलिए, मैं कभी भी एक ऐसे प्रोजेक्ट के साथ जुड़ना नहीं चाहती, जिसमें महिलाओं को गलत इमेज के साथ दिखाया जाएगा। यह महत्वपूर्ण है और महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के बारे में बातचीत करने के लिए एक सही समय है। अहाना ने हाल ही में मधुर भंडारकर की फिल्म इंडिया लॉकडाउन की शूटिंग शेड्यूल को समाप्त किया है। वह अनुपम खेर के साथ आगामी लघु फिल्म हैप्पी बर्थडे में भी दिखाई देंगी।

# ऐसा रोल चाहती हूं जो खूबसूरती पर नहीं एक्टिंग पर केंद्रित हो : एलनाज नौरोजी



जोया का किरदार निभा वेबसीरीज सेक्रेड गेम्स से अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री एलनाज नौरोजी को लगता है कि स्क्रिन पर उनका अभिनय कौशल उजागर होना चाहिए न कि यह कि वह कैसी दिखती हैं। वह जल्द ही आगामी फिल्म हैलो चार्ली में नजर आएंगी। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने इस फिल्म को करने के लिए सहमत होने से पहले इसी मापदंड को लागू किया। एलनाज ने बताया, मैंने हमेशा ऐसी भूमिकाओं की तलाश की है, जिनमें मेरे लिए अभिनय करने के लिए बहुत कुछ हो, न कि सिर्फ यह देखा जाए कि मैं कैसी दिखती हूं। यही कारण है कि मैंने जोया को अपने डेब्यू के लिए चुना। हैलो चार्ली में मेरा किरदार मोना का है। एक कलाकार के तौर पर मुझे लगता है कि आपको अलग-अलग चीजें करते रहना चाहिए। मुझे भारतीय संगीत और म्युज़िक वीडियो बहुत पसंद हैं। अभिनेत्री ने ये भी बताया कि एक्टिंग हमेशा उनका पहला प्यार होगा। एलनाज़ ने कहा, अभिनय मेरा नंबर 1 जुनून है। सेक्रेड गेम्स से पहले ये कोई नहीं जानता था कि मैं एक्टिंग कर सकती हूं। मेरा लक्ष्य पहले एक अभिनेत्री के तौर पर खुद को स्थापित करना था और फिर अपने डांसिंग स्किल्स को दिखाना था। लेकिन इसके अलावा म्युज़िक वीडियो भी स्टोरीटेलिंग का एक माध्यम है और इस गाने में मुझे अलग मंच पर एक्टिंग करने का मौका मिला जो कि रोमांचक है। एलनाज़ ने खुलासा किया कि वह हमेशा एक डांसर रही हैं। डांस के प्रति अपने प्यार को याद करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से डांस करने का शौक था। एक बच्चे के तौर पर, मुझे याद है कि मेरी चाची मुझे एक पारंपरिक पर्शियन डांस सिखाया करती थी। जब मैं जर्मनी गयी तो मैं नियमित रूप से डांस क्लासेस लिया करती थी। मुझे डांस करना बहुत पसंद है और मैं इसके लिए बहुत मेहनत करती हूँ।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की तारीफ करते नहीं थक रहीं कियारा आडवाणी

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं. सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें आए दिन आती रहती हैं लेकिन दोनों में से कोई भी रिलेशनशिप को लेकर पुष्टि नहीं करता है. कियारा और सिद्धार्थ हमेशा खुद को एक-दूसरे का अच्छा दोस्त बताते हैं. कियारा हमेशा सिद्धार्थ के बारे में बात करने से बचती हैं लेकिन इस बार उन्होंने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सिद्धार्थ को लेकर बात की है. दोनों जल्द ही फिल्म शेरशाह में साथ में नजर आने वाले हैं. कियारा आडवाणी ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के बारे में बात की. उन्होंने कहा- सिड को वह शेहशाह की शूटिंग के दौरान



बेहतर तरीके से जान पाई. जब स्क्रिप्ट और एडिट की बात आती है तो वह बहुत इंटेलिजेंट हैं. वह अपने काम को लेकर बहुत फोकस रहते हैं. कियारा ने हाल ही में बताया था कि वह आखिरी बार कब डेट पर गई थीं. कियारा ने कहा- वह इसी साल डेट पर गई थीं. आपको बता दें नया साल शुरू हुए अभी 2 महीने ही हुए हैं और कियारा सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नए साल के मौके पर वेकेशन मनाने के लिए गई थीं. मालदीव से आने के बाद कियारा जनवरी में सिद्धार्थ के माता-पिता से भी मिले थे. कियारा आडवाणी अक्सर सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर के बाहर स्पॉट होती हैं. वह सिद्धार्थ के घर जब भी जाती हैं फटाफट अपनी कार से उतरकर अंदर चली जाती हैं. जिसके बाद से दोनों के रिलेशनशिप की खबरें आती रहती हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो दोनों जल्द ही शेरशाह में नजर आने वाले हैं।

## नए वीडियो में अलग अवतार में नजर आई विद्या बालन



अभिनेत्री विद्या बालन इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक नए वीडियो में अलग ही अवतार में नजर आ रही हैं। इस वीडियो में विद्या पारंपरिक परिधान के साथ ही वेस्टर्न लुक में भी नजर आ रही हैं और उन्होंने अपने दोनों अवतारों के साथ सोशल मीडिया पर ग्लैमर का तड़का लगा दिया है। बॉलीवुड की दुनिया में अपनी दमदार अदाकारी के लिए विख्यात अभिनेत्री विद्या ने पर्दे के साथ ही समय-समय पर सोशल मीडिया के जरिए भी अपने लुक से लोगों का दिल जीता है। मगर इस बार उनके चाहने वालों को उनका एक अलग अंदाज दिखा है। विद्या जहां अधिकतर भारतीय और पारंपरिक परिधान में अधिक दिखती हैं, वहीं इस बार उन्होंने वेस्टर्न लुक के साथ अपना बोल्ड अवतार भी दिखाया है। अभिनेत्री इस वीडियो में एक पीले अनारकली सूट के अलावा चकमदार वेस्टर्न ड्रेस में भी दिख रही हैं। विद्या बालन ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, जब लोग मुझसे कहते हैं कि मैं अक्सर भारतीय कपड़े पहनती हूं। इस पर अभिनेत्री डायना पेंटी, सान्या मल्होत्रा, शिबानी दांडेकर सहित अन्य ने उनकी सराहना की है।

## फिल्म रैंबो रीमेक से कटा टाइगर श्रॉफ का पत्ता, प्रभास की हो सकती हैं धांसू एंट्री



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टाइगर श्रॉफ आने वाले दिनों में कई फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म रैंबो रीमेक भी शामिल थी। हालांकि अब खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म रैंबो के रीमेक से अभिनेता टाइगर श्रॉफ का पत्ता कट चुका है। फिल्म रैंबो रीमेक का ऐलान काफी समय पहले ही कर दिया गया था। लेकिन फिल्म पर काम नहीं शुरू हो पाया था। खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा था कि फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद करने वाले हैं। फिल्म में टाइगर श्रॉफ एक्शन के रोल में दिखाई देने वाले थे। लेकिन अब फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही हैं। खबर सामने आ रही है कि बॉलीवुड के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद फिल्म रैंबो रीमेक के लिए टाइगर श्रॉफ को नहीं बल्कि किसी और कलाकार को लेना चाहते हैं। सिद्धार्थ आनंद ने साउथ सुपरस्टार अभिनेता प्रभास को फिल्म के लिए अप्रोच किया है। सिर्फ इतना ही नहीं प्रभास को भी इस फिल्म का आईडिया काफी पसंद है। ऐसे में हो सकता है कि अभिनेता प्रभास टाइगर श्रॉफ को फिल्म रैंबो रीमेक में रिप्लेस कर सकते हैं। सूत्रों के हवाले से आई खबरों के अनुसार अभिनेता टाइगर श्रॉफ फिल्म के लिए डेट नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने पहले ही गणपति 1 और 1, हीरोपंती 2 और बागी 4 के लिए डेट्स दे दी है। अभिनेता का शेड्यूल अगले साल तक पूरी तरह से बिजी रहने वाला है।

# अगर नियमित करेंगे एक कच्चा प्याज का सेवन! तो पास आने से भी डरेंगी बीमारियां



अक्सर पुराने ज़माने से सुनते आ रहे है कि प्याज खाने से कमें कई लाभ होते है। आजकल कई ऐसे फल और सब्जियां हैं जिन्हे कच्चा ही खाने के लिए कहते हैं। यह बात सभी जानते हैं कि इसका कई प्रकार से सेवन किया जाता है। कई लोग इसको सलाद के तौर पर इस्तेमाल करते हैं तो कई लोग इसका इस्तेमाल सब्जी के तौर पर करते हैं। इन्ही में प्याज भी शामिल है। ऐसे में कच्चा प्याज खाने से सेहत को बड़े लाभ होते हैं।

### प्याज खाने के फायदेः

यदि आप रोजाना रात को एक कच्चा प्याज खाकर सोते हैं तो गर्मियों के मौसम में आपको लू लगने का खतरा कम रहता है। अगर आपको ब्लड प्रेशर की शिकायत है तो आप रोजाना दो प्याज खा सकते हैं, इससे ब्लड प्रेशर को कम करता है। सर्दी-जुकाम और कफ में भी प्याज बहुत फायदेमंद होता है। इस दौरान कच्चा प्याज का रस बनाकर उसका सेवन करना है। प्याज में मौजूद विटामिन सी और कैल्शियम ओरल हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है और इस कारण से भी कच्चा प्याज खाने में शामिल करना चाहिए। अधिक होती है। यह आपको कई प्रकार के कैंसर से बचाए रखने में आपकी मदद करता है। यूरिन से जुड़ी बीमारियां भी प्याज खाने से ठीक हो जाती हैं। याज को बेहतरीन नेचुरल ब्लड प्यूरीफायर माना गया है और यह खून को साफ़ करके शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकाल देता है। आपका खून साफ होगा और चेहरे पर फोड़े, फुंसी, मुंहासे नहीं होंगे।

### रात को पानी पीकर सोना चाहिएं या नहीं, जानें इसकी सच्चाई



ये बात तो सब जानते हैं कि पानी पीना शरीर के लिए कितना लाभदायक होता है। शरीर को अपने सामान्य काम करने के लिए पानी की आवश्यकता होती है। इसलिए कहा गया है कि जल ही जीवन है। हमारे शरीर का लगभग 70त्न भाग पानी है। इसलिए पानी को शरीर के लिए अमृत समान माना गया है। इसलिए प्यास लगने पर आवश्यकता अनुसार पानी का सेवन जरूर करना चाहिए। पानी के सेवन से सभी अंग सुचारू रूप से काम करते है। और अनेक गंभीर बीमारियां भी खत्म होती है। आज हम आपको रात को सोते समय पानी से शरीर में होने वाले असर के बारे में बताएंगे।रात को सोते समय पानी पीने वाले 99त्न लोग नहीं जानते यह सच्चाई, आप जरूर जाने।

#### रात को सोते समय ठंडा पानी पीना

अगर आप रात का सोने से पहले पेट भर कर ठंडा पानी या अन्य कोई पेय पदार्थ पी लेंगे तो आपको काफी सारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि रात को ठंडा पानी पीने से यह भोजन के तेलीय पदार्थों को ठोस बना देता है। जिससे पाचन क्रिया खराब हो जाती है। और पेट में अम्ल की मात्रा बढ़ जाती है। जो आंतों में जाकर जमा हो जाती है। जिससे यह ठोस पदार्थ चर्बी का रुप ले लेते है। और इससे पेट की चर्बी बढ़ने लग जाती है। इसलिए रात को भूलकर भी ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए।

# पृथ्वी लोक नही स्वर्गधरा नज़र आता है आबू!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

यूं तो आबू पर्वत की आबोहवा में ही परमात्मा शिव की अनुभूति साक्षात होती है।लेकिन अवसर शिव जयंती का हो तो आबू को शिवमय होना ही था।देश दुनिया से इस पुनीत पर्व पर शिव रूहानियत से रूबरू होने पहुंचे लगभग 30 हजार ज्ञान मार्गी भाई बहनों के दिव्य एवं भव्य ईश्वरीय समागम में सूफी गायक पद्मश्री कैलाश खैर ने हरि ओम ध्वनि के उच्चारण से अपनी गायकी का आगाज किया।उन्होंने हुए कहा कि पृथ्वी पर माउंट आबू एक ऐसा लोक है जहां स्वयं परमात्मा निवास करते हैं। तभी तो यहां ब्रह्माकुमारी संस्थान में शिव साक्षात अनुभव किये जा सकते है। शांतिवन का भव्य नजारा देखकर कैलाश खैर ने कहा कि आज सही मायने में आध्यात्म और संगीत का मिलन हुआ है। कैलाश खैर ने शांतिवन में हज़ारों की संख्या में मौजूद श्रोताओं की उपस्थिति भगवान भोलेनाथ के गानों की कैलाश खैर ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आध्यात्मिकता के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य सराहनीय है।वह चाहते है संस्थान देश दुनिया ही नहीं अंतरिक्ष पर भी होना चाहिए। वहीं दुनिया पर बने विश्व युद्ध के खतरें पर उन्होंने कहा दुनिया में चाहे कितने ही युद्ध हो भारत हमेशा प्रेम की बात करता है। कैलाश खैर ने कहा कि भारत पुरे विश्व को एक परिवार मानता है। हम तो अपने दुश्मन के लिए प्रार्थना करते है। वहीं कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास सहित कई अन्य कलाकारों ने भी शानदार प्रस्तुति दी।आबू के शांतिवन में जब सूरों की संध्या सजी तो लोगों का उमंग उत्साह दोगुना हो गया।डायमंड हॉल के मंच पर कवि डॉक्टर कुमार विश्वास ने ऐसा रंग जमाया कि सब मंत्रमुग्ध हो गए। जी टीवी के जी अनमोल पर प्रसारित होने वाले रियालिटी शो स्वर्ण स्वर भारत की पूरी टीम ब्रह्माकुमारीज के शांतिवन पहुंची थी। प्रतिभागियों ने शिव परमात्मा के गीतों से अपनी सुंदर प्रस्तुतियां दी। एक ही मंच पर जहां संगीत ने अपना समा बांधा वहीं आध्यात्म की भी छंटा दिखाई दी। संस्था के वरिष्ठ भाई बहनों ने पहले शिवलिंग पर पुष्प अर्पित किए उसके बाद कार्यक्रम का आगाज हुआ। अपनी कविताओं से सबका दिल जीतने वाले डॉक्टर कुमार विश्वास ने ब्रह्माकुमारीज संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने भले ही अब तक हजारों प्रोग्राम किए होंगे, लेकिन ब्रह्माकुमारीज का ये आयोजन बहुत अद्भूत है। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे अब तक जो भी कार्यक्रम उन्होंने किए थे वो धरती पर हुए थे, लेकिन ये कार्यक्रम स्वर्ग में आयोजित हुआ है। यहां के वातावरण में शांति का वास और आध्यात्मिकता की छंटा है क्योंकि यहां हर कोई निस्स्वार्थ सेवा भाव से कार्य करता है। कुमार विश्वास ने कहा कि आज सही माइने में संगीत और आध्यात्म का मिलन हुआ है, लोगों की भीड़ देखकर लग रहा है वे देव लोक में बैठे हैं। ये आम जनसभा नहीं लग रही है। उन्होंने अपने गीतों से सबका मन जीत लिया। इसी मंच पर सिंगिंग रियालिटी शो स्वर्ण स्वर भारत का टाइटल ट्रैक का एंथम सॉन्ग भी लॉन्च किया गया,इस वीडियो में स्वर्णिम भारत की परिकल्पना की तस्वीर दिखाई गई है। शो के प्रतिभागियों ने ईश्वर एक है इस थीम पर अलग अलग गीत गाए, कोई प्रतिभागी दक्षिण भारत से आया, तो कोई उत्तर प्रदेश से तो कोई किसी और राज्य से, कोई हिंदू है तो कोई मुस्लिम। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके अस्मिता ने किया।

# क्या अब और 'बेलगाम' हो जायेगी यह दुनिया?

**तनवीर जाफ़री**

रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर किया गया सैन्य आक्रमण न तो अचानक किया गया हमला था न ही रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने अपने इस फ़ैसले में कोई बात लुका छिपा रखी थी। यूक्रेन को पिछले कई महीनों की लगातार चेतावनी के बाद पुतिन द्वारा सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया गया। उधर यूक्रेन को भी इस बात का भरोसा था कि यदि पुतिन ने यूक्रेन पर आक्रमण करने का %दुस्साहस% किया तो यूरोपीय संघ के देश,नाटो के सदस्य देश ख़ासकर अमेरिका, यूक्रेन की मदद के लिये खुलकर सामने आयेंगे। परन्तु अमेरिका ने रूसी संपत्तियां ज़ब्त करने व कुछ नाटो देशों ने यूक्रेन को हथियार देने,आर्थिक प्रतिबंध लगाने व रूसी विमानों के लिये अपना हवाई मार्ग बंद करने जैसे फ़ैसलों के अतिरिक्त कुछ नहीं किया। निश्चित रूप से यूक्रेन को रूस से अधिक नुक़्सान उसके इसी %भरोसे% ने पहुँचाया कि पश्चिमी देश उसकी ज़मीन पर आकर उसका युद्ध लड़ेंगे। वैसे भी वियतनाम,इराक़ और अफ़ग़ानिस्तान जैसे देशों में अमेरिका की रुस्वाई और 1971 में भारत के विरुद्ध पाकिस्तान की सहायता के लिये भेजे गये %सातवें युद्धपोत के झांसे% बावजूद यूक्रेन राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की किस आधार पर अमेरिका व नाटो हस्तक्षेप की बाट जोह रहे थे यह भी समझ से परे है। हालांकि रूसी हमले के बाद एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की शक्ति उसके अस्तित्व व अहमियत पर भी सवाल उठने लगे हैं।

दुनिया जानती है कि अमेरिका व रूस के बीच वैश्विक वर्चस्व की वह दीर्घकालिक जंग चल रही है जिसे दुनिया %शीतयुद्ध % के नाम से भी जानती है। दुनिया के अनेक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ रूस के यूक्रेन पर आक्रमण की आलोचना तो कर रहे हैं साथ ही यह भी याद दिला रहे हैं कि यूक्रेन की तबाही पर %विलाप% करने वाला यही मीडिया क्या उस समय भी लोगों के जान माल के नुक़्सान का ऐसा ही कवरेज करता है जब फ़िलिस्तीन, अफ़ग़ानिस्तान, सीरिया, इराक़ व यमन जैसे देशों में विदेशी सैन्य कार्रवाइयां होती हैं अथवा विद्रोह कराये जाते हैं ? उस समय मीडिया में ख़ामोशी इसीलिये छाई होती है क्योंकि प्रायः पश्चिमी मीडिया भी अमेरिकी हितों का ध्यान रखते हुये संचालित होता है। और यदि अलजज़ीरा जैसा कोई चैनल अमेरिकी या इस्राईली बर्बरता पूर्ण कार्रवाई तथा इनसे होने वाली जान माल की क्षति का ब्यौरा प्रसारित करते है तो ऐसे चैनल्स के दफ़्तरों को बमबारी कर उड़ा दिया जाता है। जैसा कि इराक़ युद्ध के समय भी हुआ और गत वर्ष 16 मई 2021 को ग़ाज़ा में भी देखने को मिला। ग़ाज़ा में यही %पश्चिमी हित साधक% मीडिया उस समय ख़ामोश था जब गाज़ा स्थित 12 मंज़िला मीडिया टावर को इस्राईली हवाई हमले में ध्वस्त कर दिया गया था। जिसमें 47 बच्चों सहित 174 लोगों की मौत की ख़बर आई थी। इसमें अनेक मीडिया अलजज़ीरा व ए पी सहित अनेक मीडिया मुख्यालय थे। इस इस्राइली हमले को युद्ध अपराध बताया गया था।

इसी तरह अमेरिका भी जब चाहे ईरान को %शैतान की धुरी % का तमग़ा दे दे। जब चाहे सामूहिक विनाश के हथियार होने का झूठा बहाना बनाकर इराक़ को तबाह बर्बाद कर दे,जब चाहे कहीं



विद्रोहियों की मदद कर सत्ता के विरुद्ध बग़ावत करा दे क्या वह %अमेरिकी हिटलरशाही% नहीं है ? क्या यह सब अमेरिका के अधिकार हैं और उसकी हर कार्रवाई विश्व शांति के लिये की जाने वाली मान्य व विधिसंवत कार्रवाई है ? परन्तु अमेरिका की रूस के निकटवर्ती सीमाओं पर घुसपैठ रोकने के लिये यूक्रेन पर किये गये हमले के चलते पश्चिमी मीडिया ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तुलना हिटलर से करते देर नहीं लगाई। ईरान से टकराव के बहाने आज भी अमेरिकाव इस्राईल ढूंढते ही रहते हैं। इराक़ व अफ़ग़ानिस्तान को खंडहर बनाने में भी अमेरिका ने कोई कसर नहीं छोड़ी आख़िरकार उसी %अराजक % नेतृत्व के हाथों पुनः अफ़ग़ानिस्तान सौंप कर उसे वापस आना पड़ा।

अमेरिका व इस्राईल पर कई बार युद्ध अपराध के आरोप लग चुके हैं। परन्तु संयुक्त राष्ट्र संघ व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद लेकर तमाम अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में अमेरिकी वर्चस्व होने के कारण न अमेरिका के विरुद्ध आज तक कोई बड़ी कार्रवाई हुई न ही उसके मित्र देश इस्राईल के विरुद्ध। सही मायने में यूक्रेन पर हमले का जितना दोष पुतिन पर मढ़ा जा रहा है,अमेरिका व उसके सहयोगी पश्चिमी देश भी पुतिन से कम ज़िम्मेदार नहीं हैं। न वे अपने वैश्विक वर्चस्व का खेल खेलते हुये रूस के विरुद्ध यूक्रेन को उकसाते,न उसे संकट में हर संभव सहायता देने का %लॉली पॉप % देते न ही आज यूक्रेन को यह दिन देखने पड़ते। वैसे भी इराक़ व अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिकी सैन्य अभियान का जिस तरह अमेरिकी जनता ने विरोध किया था और उन्हीं परिस्थितियों में अमेरिका को रातों रात इन देशों से अपने सैन्य साज़-ो-सामान छोड़कर भागना पड़ा उसके बाद अब भविष्य में इस बात की कम ही संभावना है कि अमेरिका किसी दूसरे देश की ज़मीन पर अपने सैनिकों को लड़ने के लिये भेजेगा। ख़ासतौर से तब तक जबतक उसके अपने हितों का सवाल न हो।

राष्ट्रपति पुतिन ने जो भी किया है उसे मानवीय दृष्टि से क़तई सही नहीं ठहराया जा सकता परन्तु जिन परिस्थितियों ने उन्हें ऐसा करने के लिये मजबूर किया उसे भी नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। हाँ रूस के यूक्रेन पर किये गये इस हमले के बाद ख़ासतौर पर यूक्रेन के अकेले पड़ जाने व दुनिया के तमाशा देखते रहने के बाद अब इस बात का संदेह और बढ़ गया है कि क्या दुनिया के शक्तिशाली देश अब इस्राईल,अमेरिका की चली आ रही मनमानी और युद्ध अपराधों के बाद अब रूस द्वारा किये गये आक्रमण से भी %प्रेरणा % लेकर अपने पड़ोसी कमज़ोर व छोटे देशों के विरुद्ध किसी न किसी बहाने इसी तरह की आक्रामक नीतियां अपना सकते हैं ? और यदि ऐसा हुआ तो क्या यह दुनिया भविष्य में अब और भी बेलगाम हो जायेगी ?


## इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्त्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है। लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है। आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है। पुराणों में पार्वती के पूर्व जन्म की कथाओं का उल्लेख मिलता है। कथाओं में बताया गया है कि पार्वती को पूर्व जन्म में प्रजापति दक्ष की पुत्र के रूप में जन्म लेकर शिव से विवाह और अग्नि कुण्ड में भष्म होने की घटना का स्मरण था। शिव को फिर से पति रूप में पाने के लिए ही सती ने पार्वती के रूप में जन्म लिया और कठोर तपस्या किया। पुराणों और शास्त्रों में कई ऐसी कथाओं का जिप्र किया गया है जिसमें व्यक्ति को अपने पूर्व जन्म की घटनाओं की स्मृति रही।

# तेल पर बैन

**सिद्धार्थ शंकर**

यूक्रेन-रूस युद्ध के 13 दिन बीत चुके हैं। इस युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर होने लगा है। तमाम देशों के लगाए ढेरों प्रतिबंध झेलने के बाद भी रूस यूक्रेन पर अपनी कार्रवाई को रोकने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके चलते इंटरनेशनल लेवल पर अब नए समीकरण बनने लगे हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस से तेल के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंगलवार को बाइडेन ने इसका ऐलान किया। विशेषज्ञ इस कदम को बहुत बड़ी कार्रवाई मानते हुए कह रहे हैं कि यही एक ऐसा कदम है जो रूस को कदम पीछे हटाने पर मजबूर कर सकता है। हालांकि माना जा रहा है कि इस कार्रवाई का असली असर तभी होगा जबकि यूरोपीय देश भी इसे लागू करें, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कितने यूरोपीय देश यह कदम उठा पाएंगे। हालांकि ब्रिटेन ने कहा है कि वह साल के आखिर तक रूस से तेल का आयात चरणबद्ध तरीके से बंद कर देगा। अमेरिका के मुकाबले रूस पर यूरोप की ऊर्जा निर्भरता कहीं ज्यादा है। सऊदी अरब के बाद रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक है, लेकिन अमेरिका उससे थोड़ी मात्रा में ही तेल आयात करता है जिसका विकल्प खोजना आसान है लेकिन यूरोप के लिए निकट भविष्य में तो ऐसा करना आसान नहीं दिखता। युद्ध में भी यूक्रेन के रास्ते बड़े स्तर पर हो रही है रूसी गैस आपूर्ति एक और खतरा तेल कीमतों में बेतहाशा वृद्धि भी है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही दुनियाभर में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। अगर रूस से आयात बंद कर दिया जाता है तो उपभोक्ताओं, उद्योगों और वित्तीय बाजारों के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं, जिसका असर अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अमेरिकी प्रतिबंध का असर अमेरिका में गैसोलिन के दाम ऐतिहासिक ऊंचाई पर हैं। बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन की मांग मानते हुए रूस से तेल आयात पर प्रतिबंध का ऐलान कर दिया है। हालांकि रूस पर इसका बहुत ज्यादा असर होने की संभावना नहीं है क्योंकि अमेरिका बहुत कम तेल रूस से खरीदता है और प्राकृतिक गैस तो बिल्कुल नहीं लेता है। पिछले साल अमेरिका के कुल पेट्रोलियम



आयात का सिर्फ 8 प्रतिशत रूस से आया था। 2021 में इसकी मात्रा 24.50 करोड़ बैरल थी, यानी लगभग 6,72,000 बैरल प्रतिदिन, लेकिन रूस से आयात रोजाना घट रहा है क्योंकि खरीदार भी रूसी तेल को ना कह रहे हैं लेकिन रूस पर फिलहाल इसका ज्यादा असर नहीं होगा क्योंकि इतनी ही मात्रा में वह अपना तेल कहीं और बेच सकता है। चीन और भारत उसके संभावित ग्राहक हैं। पर उसे यह तेल कम कीमत पर बेचना होगा क्योंकि उसके तेल के ग्राहक लगातार घट रहे हैं। इससे वेनेजुएला, ईरान को फायदा होगा। आने वाले समय में अगर रूस को बिल्कुल अलग-थलग कर दिया जाता है तो ईरान और वेनेजुएला जैसे तेल विक्रेता देशों की वापसी अंतरराष्ट्रीय बाजार में हो सकती है, जिनकी अपनी छवि अच्छी नहीं है। इनकी वापसी से तेल की कीमतों को दोबारा स्थिर किया जा सकता है। पिछले हफ्ते ही अमेरिका का एक दल वेनेजुएला में था और प्रतिबंध हटाने पर बातचीत हुई है। पिछले महीने तेल 90 डॉलर प्रति बैरल था जो अब 130 डॉलर तक जा पहुंचा है। आशंका है कि यह 200 डॉलर प्रति बैरल तक भी जा सकता है। रूस पर वैश्विक प्रतिबंधों के चलते महंगे क्रूड की धार में फंसे भारत-अमेरिका सहित कई देशों के सामने बिगड़ती अर्थव्यवस्था को संभालना बड़ी चुनौती बन गया है। हालांकि रूसी कंपनियों ने भारत सहित कई देशों को डिस्काउंट पर क्रूड ऑयल देने की पेशकश की है। 24 फरवरी को जब युद्ध शुरू हुआ था तक कच्चा तेल 100 डॉलर पर कारोबार कर रहा था, जो अब 140 तक पहुंच चुका है। यानी 13 दिनों में ही कच्चा तेल 40 फीसदी महंगा हो गया है। कच्चे तेल के इंटरनेशनल मार्केट में 1 डॉलर प्रति बैरल महंगा होने पर पेट्रोल-डीजल की कीमत में प्रति लीटर 50-60 पैसे तक का इजाफा होता है। अनुमान है कि पेट्रोल-डीजल के दामों में 25 रुपए तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं सरकारी तेल कंपनियां जल्द ही इनकी कीमत में 6 रुपए तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपया सबसे कमजोर हालत में पहुंच गया है। अभी 1 डॉलर की कीमत 77 रुपए के पार निकल गई है। ऐसे में इससे भी महंगाई बढने् लगी है।

# ए लाईफ अन कॉमन दे इंडिकेवल बी एस बेदी जर्नी ऑफआन आई पी एस आफिसर : खबरी लाल

## सूडोकु नवताल- 6007

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6006 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**विनोद तकियावाला**

आसमा वर्षो से वर्षो तक बढ़ता है तब खाक के फलग से कोई इंसान इस जमीन पर दुनिया वालो को प्रेम ,कर्तव्य,शांति भाई चारे व सोहार्द का संदेश ले कर भेजता है।डा0 बलवीर बेदी सेवा निवृत 1961 यू पी बैच के भारतीय पुलिस सेवा केडर आफिसर थें । डा0 बलवीर सिंह बेदी ईसान व इन्सानियत के जीती जागती उदाहरण थें।आप की पहचान एक भारतीय पुलिस सेवा में कर्तव्य निष्ट,अधिकारी थे ,वही अपने परिवार व समाज के लिए सच्चे व नेक इंसान थे।मैने उन्हे नजदीक से ना केवल देखा है ब्लकि कई यादगार पल भी गुजारे है।उपरोक्त उदगार आज नई दिल्ली के इतिहासिक जन्तर मन्तर मार्ग पर स्थित केरला हाउस के सभागार मे डा0 बलवीर सिंह वेदी के जीवन पर आधारित बायोग्राफी % ए लाईफ अनकामन % बी एस बेंदी दे इंडिकेवल जर्नी ऑफ ऑन आई पी एस आफिसर ÷ डा0 प्रीति सिंह द्वारा लिखी गई पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम था

इस अवसर पर मुझे भी अपने बरिष्ट मीडिया मित्रों के साथ कुछ स्वर्णिम पल बिताने व साक्षी बन नें का सुअवसर मिला ।

पुस्तक का प्रकाशन दिशा इन्टर नेशन पब्लिर्स हाउस % ग्रेटर नोएडा के द्वारा कुशल प्रकाशन वसंपादन किया गया है।पुस्तक की साज व सज्जा सजिल्द प्रकाशित किया गया है। पुस्तक की कीमत 390 /= है।पुस्तक ऑन लाईन एमोजन एप पर भी उपलब्ध है।

आशा है कि पुस्तक अपने पाठकों को ना केवल प्रेरणा देगी ब्लकि उनके जीवन में मार्गदर्शन के साथ पथ प्रदर्शक का कार्य करेगी 7

सन1961 यु पी बैच के आई पी एस पिता के जीवन पर आघारित वायोग्राफी के रूप पुस्तक के माध्यम से प्रेरणा दायक कहानी एक पुत्री के कलम से लिपि बद्ध की गई है।

विश्व के मानस पटल पर भारत विभिन्नता में एकता व अखण्डता के लिए प्रख्यात है।यहाँ की वेष भुषा व भाषा अलग अलग ही हो लेकिन सबके दिल राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत प्रोत है।हमारी संस्कृति व सभ्यता का परचम पुरे विश्व में पहरा रहा है।इसके साथ यहाँ के बदलते मौसमअपने साथ पर्व त्योहार %क्षेत्रीय साज व संगीत के दीवाने भारत के अलावे कई देशों मे है।इसी क्रम में आज ऋतु बसंत के खुशनुमा माहोल में राजधानी के ऐतिहासिक जनपथ मार्ग केरला हाउस में अपने कुछ वरिष्ट संपादक व मीडिया मित्रो के सानिध्य सम्मापीय में जीवन के स्वर्णिम पल बिताने का सौभाग्य प्राप्त हुआ विगत दिनों हमें मिला मौका था।डाश बलबीर सिंह बेंदी आई पी एस के जीवन पर आधारित लिखित पुस्तक के विमोचन समारोह का।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मंच पर विराजमान हो कर शोभा बड़ा रहे थे,केरल राज्य के महामहिम आरिफ मो खान थे,जिनसे मिलने का सौभाग्य मुझे पूर्व में कई बार हो चुका है।मै आरिफ साहब के विषय मे संक्षिप्त में इतना बताना चाहूंगा कि ये एक बे सहदय ही संजीदा व खुश मियाज इंसान है। आज आप भले ही एक संवैधानिक महामहिम के पद आसीन है।इस अवसर पर केरल राज्य के महामहिम आरिफ मो0खान के कर कमलो द्वारा पुस्तक का विमोचन एक सादे समारोह नई दिल्ली स्थित केरला हाउस कै सभागार में किया है।

इस पुस्तक में डा0 बेंदी के जीवन के उत्तार चढाव के संघर्ष व अनुभवो पर आधारित है।एक भारतीय पुलिस प्रसानिक सेवा पद पर रहते है। आप ने अपने धार्मिक %समाजिक व पारिवारिक द्वायत्वो का र्निवाह का इतना आसान नही था।फिर भी आपने अपने जीवन व सरकारी पदो के बीच में समझौता नही कर एक अनोखा सामजस्य स्थापित किया। आप का भारत पाक के विभाजन समय अपने परिवार का पंजाब के सिन्ध प्रांत से भारत मे आगमन हुआ था , पुस्तक में विभाजन से वेदना के कारुणिक कहानी का सचित्र चित्रण किया गया है। लेखिका नें अपने पापा के सान्निध्य बताते हुए कहती है कि जब मै तीन साल की थी पापा जालोन में स्क्के पद थें।वे रात रात भर घर से बाहर रहते थे मेरे मन मस्तिष्क पे वह धुमिल तस्वीरें आज भी है।जब मेरे से एक पैसा गुम हो गया और मेरी मॉ मेरे पें बहुत ही गुस्सा हो गई।

इसी क्रम मे मै आप सभी को एक समक्ष एक बात का जिक्र करना चाहूंगी घर पर पहली बार महिन्द्रा कम्पनी जीप आई थी।उस समय मगरू लाल जो कि रशोईयाँ थे %किरोसिन स्टोव पर देसी मुर्गा बनाने का आदेश दिया था।

# विधायकों की सुविधावृद्धि का औचित्यल ?

**राकेश कुमार वर्मा**

.....मैंने जिनको बचाया, तुमने उनको......नोक झोंक के इस व्यं ग्यएचित्र में कोविडरोधी अंतत्क्षेपी(इंजेक्शवन) तथा रूस-यूक्रेन प्रक्षेपित अस्त्रय के परस्पतर संवाद को दर्शाया गया है। इस परिप्रेक्ष्यो में यह पुष्टि कर पाना शायद संभव न हो कि टीकाकरण से कितने लोगों को बचाया जा सका किन्तुध इस युद्ध में द्रुतगति से आपूर्ति किये जा रहे अस्त्रों से बदलती अर्थ-नीति में ÷अच्छेक दिन÷ की अनुभूति कर रहे लोगों को सहज ही देखा जा सकता है।

देश में समान चुनाव प्रक्रिया से विधायक बने राज्यु के माननीयों का वेतन-भत्तो मेघालय के विधायकों से पांच गुना अधिक पाया गया है। हाल ही में राज्यक विधानसभा अध्यक्ष ने घोषणा की है कि पूर्व विधायक पूर्ण सत्कानर सुविधा के साथ सरकारी खर्चे पर लगभग सप्ता.ह भर राजधानी में रुक सकेंगे। गौरतलब है कि इस सुविधा मात्र से असंतुष्ट माननीयों ने पेंशनवृद्धि, फर्स्टर एसी रेल आरक्षण सहित विधायक का स्टे ट्स मेंटेन करने के लिए केबिनेट और राज्या मंत्री की तरह नहीं तो कम-से-कम संसदीय सचिव जैसी सुविधाओं की प्रबल इच्छात व्यक्तय की। उधर अपने कार्यकाल में अपरिमित संपत्ति हड़पने के बावजूद डेढ़ लाख रुपये वेतन-भत्तात पाने वाले मौजूदा माननीय समस्ती सुविधाओं के साथ अधिवासित निवास के लिए निर्धारित तीन रुपये प्रतिदिन भुगतान करने में असमर्थ हैं। वर्ष 1963 के पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र के कार्यकाल में जब विधायकों का वेतन बढ़कर 500 रुपये हुआ तो जनसेवा का हवाला देते हुए कई सदस्योंत ने इसे खारिज कर दिया। लेकिन अरबों के कर्ज में डूबे राज्यु को उबारने के बजाय इस महामारी से बदहवास हुए लोगों की लाशो पर आज अप्रत्या।शित लाभ का व्यजवसाय बन चुकी राजनीति के चौकीदार अपनी सुविधायें बढ़ाने को आतुर हैं। जिस देश में कागजों पर ही किसान ऋण हितग्राही दर्ज हों, भ्रष्टाकचार व बेरोजगारी सहित सत्तु के दागी माननीयों पर बोलना बेमानी हो, बच्चोंस के भविष्ये, महगाई व जनहित के मुद्दे पर जिस देश का तंत्र ऑख खोलकर निद्रा के अभिनय में मगन हो, जिस देश की लोकतांत्रिक व्यिवस्थाध में आधिकारिक सवाल पूछे जाने की प्रथा समाप्तख कर दी गई हो ऐसे लोकतांत्रिक देश का विश्वैगुरु बनने की कल्पथना की जा सकती है? दुर्भाग्यै है कि इन्हींस की सुविधा के अनुकूल तंत्र का विकास किया जाता है। जब मोबाइल कंपनियां अनलिमिटेड डाटा के साथ महज रु.2399 ही चार्ज करती हैं तो इन विधायकों को दिये जा रहे दस हजार रुपये के दूरभाष भर्त्तो बंद होने चाहिये।

# आंदोलनः अटल प्रोग्रेस वे को लेकर किसान सभा का चम्बल बचाओ अभियान 11 से



### 11 से13 मार्च तक निकलेगा बाइक जत्था यात्रा, 14 मार्च को एसडीएम को देंगे ज्ञापन

**मुरैना।** चंबल के बीहड़ में भिंड जिले के अटेर से लेकर मुरैना जिले मैं पोरसा, अंबाह, मुरैना, जौरा, सबलगढ़ होते हुए श्योपुर जिले में विजयपुर व श्योपुर कलां तहसीलों से गुजरते हुए पाली से कोटा (राजस्थान) तक अटल प्रोग्रेस वे सड़क निकाली जा रही है। मध्यप्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने बताया कि यह सड़क चम्बल नदी से 3 किलोमीटर बीहड़ को छोड़कर सिक्स लेन बनाई जाएगी। इस सड़क के दोनों ओर एक-एक किलोमीटर बीहड़ की जमीन कॉरिडोर (गलियारे) के लिए आरक्षित रखी जाएगी। इस सड़क में लगभग 10 हजार किसान परिवारों जिनके पास भूमि स्वामित्व है, की जमीन अधिग्रहित की जा रही है। जिन्हें जमीन के बदले 2 गुनी जमीन देने की घोषणा प्रदेश सरकार द्वारा की गई है। अभी हाल ही में आंदोलन के दबाव में मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की है कि जो किसान दोगुनी जमीन नहीं लेना चाहते हैं, उन्हें 2 गुना मुआवजा दिया जाएगा। सड़क निर्माण में ऐसे किसान परिवार जो पीढ़ियों से शासकीय बीहड़ की भूमि पर खेती कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। न तो उनका कब्जा दर्ज किया गया है और नहीं उन्हें जमीन के बदले जमीन दी गई है। इसी तरह की अन्य मांगों एवं समस्याओं को लेकर चंबल बचाओ आंदोलन मध्य प्रदेश किसान सभा, अखिल भारतीय किसान सभा से सम्बध्द के द्वारा आंदोलन की शुरुआत की गई है। इसके अगले चरण के रूप में 11 मार्च से 13 मार्च तक तीन दिवसीय चंबल बचाओ बाइक जत्था यात्रा निकाली जा रही है। श्री तिवारी ने बताया कि यह यात्रा अटेर, अंबाह, जौरा, सबलगढ़ और श्योपुर कलां से निकाली जाएगी। यात्राओं के समापन पर 14 मार्च को अटेर, अंबाह, मुरैना, जौरा, सबलगढ़, श्योपुर कलां एसडीएम कार्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे। चंबल बचाओ बाइक जत्था यात्रा का नेतृत्व मध्यप्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, सचिव अखिलेश यादव, जिला महासचिव मुरारी लाल धाकड़, महेश प्रजापति, गयाराम सिंह धाकड़, आदिराम आर्य, सुभाष शर्मा, आदिराम आर्य आदि करेंगे।

#### ज्ञापन में यह हैं मांगे

भूमि अधिग्रहण के मामले में पुनः नए सिरे से नोटिफिकेशन जारी कर समुचित प्रचार-प्रसार कर किसानों को व्यक्तिगत नोटिस जारी कर दावे आपत्ति लिए जाएं। पीढ़ियों से जो किसान शासकीय बीहड़ की भूमि पर काबिज होकर काश्तकारी कर रहे हैं, उनका कब्जा इंद्राज कर उन्हें भी जमीन दी जाए। ऐसे किसानों की संख्या 30 हजार के लगभग है। जो किसान दुगुनी जमीन नहीं लेना चाहते हैं उन्हें भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार बाजार मूल्य से 3 से 5 गुना मुआवजा दिया जाए।

## राधिका भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष श्रीमती राधिका उपाध्याय को बनाए जाने पर शहर के प्रबुद्ध जनों ने श्रीमती उपाध्याय उनके निवास पर जाकर बधाइयां दी हैं। विदित हो कि श्रीमती उपाध्याय वरिष्ठ भाजपा नेता राहुल उपाध्याय की धर्मपत्नी हैं। नवनियुक्त उपाध्यक्ष बनने के बाद श्रीमती उपाध्याय ने भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना दंडोतिया, भाजपा जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता सहित वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

## बाइक पर शराब ले जाते तस्कर पकड़ा

**मुरैना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की सुबह गल्ला मंडी के पिछले गेट के पास से बाइक पर अवैध शराब की पेटियां ले जाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत सिटी कोतवाली थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि गल्ला मंडी के पिछले गेट के पास एक युवक मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 06 एमएच 0711 पर अवैध शराब की पेटियां ले जा रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और 5 पेटी रॉयल व्हिस्की शराब कीमती 24 हजार रुपए बरामद कर बाइक को भी जप्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहन नगर बड़फरहा अंबाह का निवासी है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। उक्त कार्रवाई में एएसआई जय प्रकाश शर्मा, प्रधान आरक्षक अनिल दोहरे, सुनील यादव, सतवीर सिंह, आरक्षक शिवप्रताप सिंह, रामकिशन, रविंद्र सिंह, अवधेश सिंह, कुलदीप आदि की सराहनीय भूमिका रही।



## स्वर्गीय सिंधिया के जन्मदिन पर महिला सफाई कर्मियों का हुआ सम्मान

**जौरा।** कैलासवासी माधवराव सिंधिया के 77 वे जन्मदिन पर टाउन हॉल जौरा मैं वरिष्ठ समाज सेवी कैलाश मित्तल एवं न. पा. की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शारदा कैलाश मित्तल द्वारा सेवा निवृत कर्मचारियों, वरिष्ठ समाज सेवी तथा महिला सफाई दूतों का शॉल-श्रीफल एवं मोतियों की माला पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। साथ ही उनके द्वारा जनहित में किये गए सेवा कार्यों के प्रति उनका अभिवादन तथा उत्साह बर्धन किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों सहित समाज सेवी शिवनारायण, रामरतन प्रजापति व अन्य समाज सेवी, महिला शक्ति तथा युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## स्व-सहाराता समूह की महिलाऐं बना रही है केमिकल मुक्त पलाश के फूल से हर्बल गुलाल


**मुरैना।** ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित स्व-सहायता समूह की महिलओं ने अपने परिश्रम एवं कौशल से आमजन को स्वस्थ्य रखने हेतु लगातार पहल की जा रही है। होली के त्यौहार के दौरान केमिकल गुलाल की जगह पलाश के फूल से निर्मित हर्बल आजीविका गुलाल का निर्माण हो। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने हर्बल गुलाल को होली के त्यौहार के पहले बाजार में उतार दिया है। इस गुलाल की स्टॉल हनुमान चौराहा मुरैना और पुराना बस स्टेण्ड अमरापुरक दुकान के समीप लगाई जायेगी। जौरा जनपद पंचायत के ग्राम सांकरा की स्व-सहायता समूह की दीदीयों द्वारा प्रथम बार प्रयास कर पलाश के फूल का संकलन कर गुलाल बनानें की प्रक्रिया अमल में लाई गई। ग्राम सांकरा बाबा साहब आजी स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती नर्मदा ने बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबंधक दिनेश तोमर से प्रेरणा मिलने के बाद पहली बार पलाश के फूल से हर्बल गुलाल तैयार करने की पहल समूह द्वारा की गई है। इस प्रक्रिया में पलाश के फूलों को तोड़कर सुखाया जाता है तथा उन्हें पीसकर गुलाल तैयार किया जाता है। पलाश का फूल बाजार में 12 रूपये किलों विक्रय होता है तथा हर्बल गुलाल 20 रूपये का 100 ग्राम के भाव से बिक रहा है। उन्होनें बताया कि हर्बल गुलाल के उपयोग से त्वचा संबंधी एलर्जी आदि होने की आशंका समाप्त हो जाती है। कलेक्टर बी. कार्तिकेयन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बाबा साहब आजी स्व-सहायता की महिलओं ने पलाश के फूल से हर्बल गुलाल 60 से 70 किलो बनाकर तैयार किया हैं। उनके द्वारा तैयार हर्बल गुलाल मुरैना के हनुमान चौराहा, पुराना बस स्टेण्ड के समीप में पहली बार विक्रय हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिये नगर निगम कमिश्नर को स्थल चयन करने के निर्देश दे दिये गये है। कलेक्टर बी. कार्तिकेयन और जिला सीईओ रोशन कुमार सिंह ने हर्बल गुलाब बनाने वाली दीदीयों को बधाई दी है और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आयें लोगो के लिए हर्बल गुलाल आकर्षण का केन्द्र भी रहेगा व बडी संख्या में लोगों द्वारा खरीददारी भी की जायेगी।



## साइबर ठगी के शिकार हुए ग्रामीण को पुलिस ने दिलाएं 20 हजार वापस

**मुरैना।** पिछले माह साइबर ठगी का शिकार हुए एक ग्रामीण के रुपए पुलिस द्वारा राशि को होल्ड कराकर फरियादी के खाते में वापस करा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी कृपाल सिंह निवासी ग्राम छैरा के द्वारा पुलिस को शिकायत की गई कि 27 फरवरी को उनके मोबाइल पर एक कॉल आया और कॉल करने वाले ने अपने आपको पीएचई विभाग का ठेकेदार बताया और कहा कि आपके गांव में टंकी बन रही है , उसके लिए पैसे आपके खाते में डालने हैं, तो उसके द्वारा क्यूआर कोड भेजे गए, जिस पर क्लिक करने के बाद फरियादी को मोबाइल पर 20 हजार रुपए फंड ट्रांजैक्शन का मैसेज प्राप्त हुआ। शिकायत को पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने गंभीरता से लिया और साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए निर्देश जारी किए मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सिटी कोतवाली योगेंद्र सिंह द्वारा मोबाइल पर प्राप्त ट्रांजैक्शन की जानकारी प्राप्त कर पेमेंट गेटवे से संपर्क कर उक्त राशि को होल्ड कराकर फरियादी के खाते में गुरुवार को वापस करा दिया। राशि वापस आने पर कृपाल सिंह ने थाना प्रभारी एवं साइबर नोडल टीम का आभार व्यक्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के अलावा उप निरीक्षक अभिषेक, राहुल सिंह की सराहनीय भूमिका रही।





## निगम अध्यक्ष कंसाना के कार्यालय पर मनाई माधवराव सिंधिया की 77वीं जयंती

**मुरैना।** म0प्र0 पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम अध्यक्ष रघुराज सिंह कंसाना के कार्यालय पर कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की 77वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कैलाशवासी श्री सिंधिया के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये अपने श्रद्धसुमन अर्पित किये। इस अवसर मुख्य रूप से ऊर्जा विकास निगम अध्यक्ष गिर्राज डण्डौतिया सहित सैंकडों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये म0प्र0 पिछडा वर्ग निगम अध्यक्ष रघुराज कंसाना ने कहा कि कैलाशवासी माधवराव सिंधिया सरल-सहज स्वभाव के धनी थे। श्री सिंधिया की जमीनी पकड बेहद मजबूत थे। वे एक सबसे सफल रेल मंत्री थे, उनके ही कार्यकाल में ही शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई गई थीं। 1971 में जनसंघ के टिकिट पर देश के सबसे युवा सांसद बने, इसके बाद वह नौ बार लोकसभा में सांसद रहे। उनका विशेष आशीर्वाद सदैव मुझ पर रहा। वे हमेशा खेलों से जुडे रहे, मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के लंबे समय तक अध्यक्ष भी रहे। कार्यक्रम को ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष गिर्राज डण्डौतिया ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुसूचित जाति मोर्चा माधव जाटव, वरिष्ठ अधिवक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश गर्ग, नगर पालिका बानमोर अध्यक्ष भगवान सिंह जाटव, रामनरेश शर्मा, अरविंद भदौरिया, एड0 नत्थी सिंह गुर्जर, जितेन्द्र सिंह गुर्जर लभनपुरा, जिला महामंत्री श्रीमती भावना जालौन, सिंधिया फैंस क्लब जिलाध्यक्ष दीपक व्यास, गजेन्द्र मावई, सुरेश डण्डौतिया, नीरज भदौरिया, योगेन्द्र गुर्जर दीखतपुरा, मनोज शर्मा, लल्ला कंसाना पप्पू भैंसोरा आदि सैंकडौं की संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



## जैन मिलन ने किया भावना जैन एवं शशि जैन का अभिनन्दन एवं सम्मान

**मुरैना।** जैन मिलन महिला मुरैना द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्व अध्यक्ष वीरांगना श्रीमती शशि जैन एवं जैन मिलन की केंद्रीय संयोजिका श्रीमती भावना जैन का अभिनंदन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम जैन मिलन कार्यालय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जैन मिलन की बाल संस्कार समिति चेयरमैन श्रीमती सरिता जैन ने कहा कि श्रीमती शशि जैन धार्मिक आयोजनों में समय-समय पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर संपूर्ण समाज को अध्यात्म की तरफ ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है, जिससे समाज की युवा पीढ़ी नैतिकता के संस्कार सीख रही है।



इसके साथ ही श्रीमती भावना जैन उत्साह व समर्पण भाव से समाजसेवा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। उन्होंने जरूरतमंदों की सेवा के साथ-साथ युवाओं को संस्कारित करने, समाज के सभी वर्ग का विकास, बाल शिक्षा, बालिका बचाओ बालिका पढ़ाओ, जरूरतमंदों की सेवा, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कार्य किया है, जिसके चलते इससे पहले भी श्रीमती भावना जैन को समाजसेवा के क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की ओर से सम्मानित किया जा चुका है। इस मौके पर श्रीमती भावना जैन ने कहा कि मेरा पूरा जीवन मानवता की भलाई के लिए समर्पित रहेगा। वह इसी तरह समाजसेवा के कार्यों में योगदान देती रहेंगी। भावना जैन ने कहा कि जरूरतमंद व गरीब की सेवा करना भगवान के चरणों में पुष्प अर्पित करने के समान है। ऐसे नेक व पुनीत कार्यों में हम सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। श्रीमती भावना जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जैन मिलन की संरक्षक भावना जैन, बाल संस्कार समिति चेयरमैन सरिता जैन, अध्यक्ष रजनी जैन, सचिव बबिता जैन, ऊषा जैन, बबिता जैन, शुभी जैन, शुरभि जैन, पारुल जैन, शीतल, श्वेता, प्रीति जैन, राखी, शालू, सपना, कल्पना, रेखा, बबिता, शिक्षा जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# बिजली चोरी करने वालो को बख्शा नही जाएगा: मेहता

### बिजली विभाग ने रात में चलाया चैकिंग अभियान

**अर्पित गुप्ता पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** विधुत विभाग दबोह इन दिनों बिधुत चोरी करने वालो के खिलाफ जोर शोर से अभियान चला रहा है।जिस दौरान बुधबार को नगर दबोह में रात के समय डिवीजन इंजीनियर लहार हरीश मेहता के नेतृत्व में दबोह विधुत विभाग का चैकिंग अभियान चला।चैंकिंग अभियान के दौरान विधुत विभाग दबोह ने लहार डिवीजन इंजीनियर हरीश मेहता व दबोह जूनियर इंजीनियर अशोक डावर की मौजूदगी में विधुत चोरी करने वालो के कनेक्शन चैक किये और जिनके घर विधुत चोरी करती पाई गई उन्हें समझाइश देकर बकाया बिल जमा कर पुनः सुचारू रूप से विधुत उपयोग करने की बात कही।यह विधुत अभियान मुख्य बाजार सहित वार्ड नम्बर 09 में चलाया गया।यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते रोज विधुत विभाग डिवीजन इंजीनियर हरिश मेहता की उपस्थिति में दबोह विधुत विभाग में विधुत बिल बकाया दारो के कनेक्शन काटे थे और बिल जमा करने के बाद ही विधुत उपयोग करने की बात कही थी परंतु निरीक्षण के दौरान लोगो के द्वारा विधुत कनेक्शन पुनः जोड़ने का प्रयास किया गया ब इस्तेमाल करते पाए गए।जिसके चलते विधुत विभाग ने पुनः उनका सामान जप्त किया।इस दौरान उन्होंने कुछ उपभोक्ताओं के मौके पर ही



बिल जमा कराए।दबोह जूनियर इंजीनियर अशोक डावर ने बताया कि इस दौरान रात्रि में ही लगभग 1 लाख रुपये की विधुत बिल बकायादारों से बसूली की गई।लहार डिवीजन इंजीनियर हरीश मेहता ने दबोह नगर के विधुत बकायदारो से अपील की है कि जिसके जो भी बिल बकाया हैं वह उन्हें जल्द से जल्द जमा कराएं अन्यथा विधुत कनेक्शन काट दिए जाएंगे और उसके बाद विधुत इस्तेमाल करते पाए जाने पर विधिवत रूप से कार्यवाही भी की जाएगी।निरीक्षण के दौरान दबोह जूनियर इंजीनियर अशोक डावर समेत समस्त विधुत विभाग दबोह स्टाफ मौजूद रहा।



## टूर्नामेंट खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका देते हैं: प्रहलाद भारती

### पाठ्य पुस्तक निगम के उाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रहलाद भारती ने टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

**अरुण खंगार रिपोर्टर**

**शिवपुरी ।** पोहरी में विधानसभा स्तरीय ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता पोहरी सीजन -2 का शुभारंभ म. प्र. पाठ्य पुस्तक निगम के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रहलाद भारती ने किया। इस मौके पर भारती ने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मौका देते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलेंट की कोई कमी नहीं है । ग्रामीण इलाकों के कई खिलाड़ी आगे बढ़कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। टूर्नामेंट के शुभारंभ मौके पर आयोजन समिति के पदाधिकारी पुनीत गुप्ता, अरूण कुशवाह, जाखीर खां, नासिर खां कन्हैया राजे , विवेक शर्मा , दीपू भार्गव , साकिर खान , अनुराग शर्मा , आदि द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रथम मैच रिजोदा -11 और जुनित-11 के बीच टॉस कराया जिसमें जुनित-11 ने टॉस जीता और रिजोदा -11 ने बल्लेबाजी की । इस अवसर पर पोहरी मंडल अध्यक्ष आशुतोष जैमनी , भाजपा वरिष्ठ नेता विनोद जैन , कुवेर सिंह धाकड़ , गिर्राज धाकड़ ( अमन पब्लिक स्कूल पोहरी ),विपिन धाकड़ भी उपस्थिति रहे।

## देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सवित्री बाई फुले की 125वी पुण्यतिथि पर महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर माता फुले को पुष्प अर्पित कर नमन किया गया

**जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान।** इस कार्यक्रम में पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत,राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा रजि के महासचिव महेश चौहान, सचिव हेमराज




सिसोदिया,महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता चौहान,राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा रजि के युवा प्रदेश अध्यक्ष नवीन कछावा, युवा प्रदेश महासचिव शिव मालाकार,अजमेर शहर अध्यक्ष दिलावर चौहान,अजमेर महिला महासभा अध्यक्ष सुमन भाटी,उत्तर विधानसभा अध्यक्ष भुपेंद्र चौहान, दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष राहुल भाटी, पार्षद रजनीश चौहान, हेमेंद्र सिंगोदिया, राजकुमार भाटी, खेमचंद महावर, आदि समाजबंधु उपस्थित हुए।

## छग विधानसभा : प्रदेश में बढ़ते अपराध भाजपा विधायकों ने उठाए सवाल, आसंदी ने स्थगन प्रस्ताव किया अग्राह




**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**रायपुर।** विधानसभा के चौथे दिन प्रदेश में बढ़ते अपराध के मामले पर भाजपा ने स्थगन लेकर आई. प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा के बाद आसंदी ने अग्राह्य कर दिया विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बहुत सी घटनाओं का जवाब नहीं आया है. स्थगन प्रस्ताव को ग्राह्य कर चर्चा कराई जाए. गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू स्थगन पर जवाब देते हुए कहा कि उल्लेखित मामलों पर चालान प्रस्तुत किया जा चुका है, और कार्रवाई जारी है. यह कहना सही नहीं कि अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है. सरकार की ओर से सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई की गई है.

# उत्तर प्रदेश में भाजपा ने रचा इतिहास अन्य तीन राज्यों में भी लहराया भाजपा का परचम

### मौ मंडल कार्यकताओं ने मनाया जश्न, दी एक दूसरे को बधाईयां

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजली टुडे**


**मौ।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में दूसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाकर इतिहास रच दिया। इससे उत्तर प्रदेश समेत उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भी भाजपा ने अच्छा खासा बहुमत प्राप्त किया है, इसी बीच जीत का जश्न मनाते व खुशियां बाटते हुए मौ मंडल के कार्यकताओं ने एक दूसरे को बधाईयां दी व जनता के द्वारा दिखाए गए विश्वास का खुशी के साथ स्वागत किया।

चारों राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर खुशी का जश्न मनाते हुए मौ मंडल समस्त कार्यकर्ता में पूर्व मंडल अध्यक्ष हर नारायण सिंह कुशवाह, मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह, पूर्व मंडी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव, जिला मंत्री हरेंद्र सिकरवार, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मरजाद



सिंह यादव, संतोष यादव वकील यादव, रवि यादव, सुल्तान डबल खान, रामू कुशवाह मीडिया प्रभारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुवीर सिंह पवैया, महबूब पार्षद विमल सिंह कुशवाहा, पार्षद लल्लू कुशवाहा, रघुराज गुर्जर, चतुर सिंह कुशवाह, राजू कुशवाहा, हरज्ञान कुशवाह, वीरेंद्र यादव और फूफा जी, पूर्व पार्षद बेताल गॉड, सतनाम सिंह मामा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कुशवाह, सोनू शर्मा आदि सम्मिलित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल देवेंद्र नगर में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर ढोल नगाड़ों के साथ एवं रंग गुलाल एक दूसरे के तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार किया



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** देवेंद्र नगर मंडल अध्यक्ष श्री ललित गुप्ता जी श्री उमेश शर्मा जी वरिष्ठ श्री हरदेव सिंह जी वरिष्ठ श्री अनिल सिंह जी वरिष्ठ श्री रामेश्वर गुप्ता जी श्री हीरा जी पटेल श्री शंभू सोनी जी नगर पंचायत अध्यक्ष श्री शिव शंकर द्विवेदी जी पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री विजय मिश्रा जी श्री रमेश गर्ग जी श्री आशीष तिवारी जी कुंज बिहारी रावत जी वली मोहम्मद जी अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष टिंकू पांडे जी श्री मनोज पांडे जी ध्रुव चौबे जी युवा मोर्चा उमेश पाठक जी युवा मोर्चा दिवाकर देव परमार जी अशोक कुशवाहा जी मंडल उपाध्यक्ष रमाकांत तिवारी जी कुंज बिहारी रावत जी एवं अनेकों अनेक मंडल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमचुई गांव के ग्रामीणों ने गांव में ही पोलिंग बूथ बनाने को लेकर तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना-** पन्ना जनपद की रानीपुरा ग्राम पंचायत के अमचुई गाँव के ग्रामीणों ने गांव में ही पोलिंग बूथ बनाए जाने की मांग की है। ग्रामीणो ने देवेन्द्र नगर तहसील पहुच कर तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौपते हुए मांग की है कि अमचुई गांव राजस्व ग्राम है जिसकी आवादी लगभग हजार में है और तीन सौ मतदाता है जिसके बावजूद भी 14 किलोमीटर दूर मखरा में पोलिंग बूथ है जिसके चलते बृद्धो,बिकलांग जन मतदान नही कर पाते है साथ ही मतदाओ को मतदान केंद्र तक पहुंचने में काफी



परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने वृद्धजन ,महिलाओं व ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए गांव में पोलिंग बूथ बनाए जाने की मांग की है। गांव में पोलिंग बूथ न बनाकर पोलिंग बूथ को बदल कर रानी पुरा कर दिया गया जबकि ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रशासन से अमचुई को ही पोलिंग बूथ बनाए जाने की मांग कर रहें है वही ग्रामीणों का कहना है की यदि प्रशासन पोलिंग बूथ यदि अमचुई गाँव में नही बनाया जाता है तो ग्रामीण बोटिंग करने गांव से बाहर नही जाएंगे और चुनाव का बहिष्कार करेंगे ।

# यूआईटी कॉलेज मे चल रहे एनएसएस कैंप मे शिवपुरी पुलिस ने सायबर फ्रॉड, महिला सुरक्षा एवं यातायात संबंधी जानकारी

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-**खबर शिवपुरी के सतनबाड़ा स्थित कॉलेज मे चल रहे एनएसएस कैंप में दिनांक 10.03.2022 को शिवपुरी पुलिस ने एनएसएस के इस प्रोग्राम मे भाग ले रहे सभी कैडेट्स को सायबर फ्रॉड एवं बचाव, महिलाओं संबंधी अपराधों एवं यातायात संबंधी नियमों के बारे मे जानकारी देकर जागरुक किया गया । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन मे महिला थाना प्रभारी निरी. पूनम सविता ने महिलाओं एवं महिला विद्यार्थियों की रक्षा और सुरक्षा पर जानकारी देते हुये बताया कि किसी भी महिला को लगता है कि उसके साथ गलत हो रहा है तो उसकी सूचना अपने परिवारजनों के साथ पुलिस को देनी चाहिये एवं उन पर हो रहे अन्याय को चुपचाप सहन नहीं करना चाहिए उसके प्रति आबाज आठाना चाहिए, साथ ही थाना प्रभारी महिला थाना द्वारा गुड टच एवं बैड टच के बारे मे जानकारी दी, निरी. पूनम सिविता ने आगे जानकारी देते हुये बताया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे मे जानना चाहिये एवं घरेलू हिंसा आदी अपराधों मे पुलिस को तत्काल सूचना देनी चाहिये । सायबर सेल प्रभारी उनि. मुकेश दुबोलिया



द्वारा सायबर फ्रॉड संबंधी जानकारी दी गई जिसमे उन्होने बताया कि आज हम लोग अधिकांश काम ओनलाईन कर रहे हैं जिसका गलत तरीके से भी उपयोग किया जाता है । लोग बैंकिंग संबंधी फ्रॉड करते है जिससे बचने के लिये अपनी गुप्त जानकारी किसी की भी नहीं बतानी चाहिये, ओटीपी, कार्ड डिटेल आदि को किसी के साथ शेयर नही करना चाहिये एवं सोशल मीडिया के पर अपनी गुप्त जानकारी को साझा नही करना चाहिये । अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल लॉक रखे,किसी भी प्रकार का सायबर फ्रॉड होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देनी चाहिये। यातायात प्रभारी सूबेदार रणवीर यादव ने सभी एनएसएस कैडेट्स को यातायात नियमों के बारे मे जानकारी देते हुये बताया कि जब भी वाहन चलायें हेलमेट एवं सीटवेल्ट अवश्य लगायें, ट्राफिक नियमों को जाने एवं उनका पालन करें, तेज न चलें । यातायात नियमों का पालन करके हम अपनी जान तो बचा ही सकते हैं उसके साथ अन्य लोगों को भी दुर्घटना होने से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी महिला थाना निरी. पूनम सबिता, यातायात प्रभारी सूबेदार रणवीर यादव, सायबर सैल प्रभारी उनि. मुकेश दुबोलिया, कन्ट्रोल रुम प्रभारी उनि. बिजेन्द्र राजपूत उपस्थि रहे ।

## वारदात करने की नियत से हथियार लेकर घूम रहे एक आरोपी को जिगना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल सिंह मौर्य व एसडीओपी दीपक नायक के मार्गदर्शन गुरूवार को की जिगना थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने पुलिस बल के



साथ ग्राम नोनेर पलोथर रोड वेयरहाउस के पास वारदात करने की नियत से घूम रहे एक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से एक अवैध 315 वोर का कट्टा व जिंदा राउंड बरामद किया गया है। जिगना थाना पुलिस ने बताया कि दोपहर मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम वेयरहाउस नोनेर पलोथर रोड पर एक आरोपी वारदात करने की नियत से अवैध हथियार लिए घूम रहा है। सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने आरोपी को जा घेरा। पकड़े गए आरोपी आसिफ उर्फ इरफान खान पुत्र राशूल खान उम्र 21 निवासी गोविंद धर्म शाला स्टेशन के पास दतिया हाल निवासी नोनेर को पीछे कमर में तेज अवैध हथियार के साथ किसी वारदात की फिराक में बैठा हुआ था। तभी मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। उक्त कार्रवाई जिगना थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, प्रधान आरक्षक बृजेन्द्र कुशवाह, आरक्षक शोभाराम, आरक्षक हेमराज, आरक्षक दीपेश, आरक्षक राजीव दुबे की अहम भूमिका रही।

## आईमाता आश्रम निर्माण के लिए 21 हजार रूपए की राशि स्वामी तेजानन्द महाराज को भेंट की



**पुष्पाजंली टुडे**
**चेन्नई** –तारीख 9मार्च 2022 आज सुबह 11बजे आदुराम भाटी आवडी वालो ने पेरीयपालीयम मे श्री लिलडीया भेरुजी श्री आईमाताजी आश्रम के लिए भूमि खरीदने के लिए 21000/रुपये स्वामी तेजानन्द को सुपुर्द किया इस कार्यक्रम में आदुराम भाटी के पुत्र अ नरेन्द्र जी भाटी अ श्याम भाटी मौजूद थें ।इस महान योगदान के लिए आदुराम भाटी वह उनके पुरे परिवार का तामीलनाडु पॉन ब्रोकेर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज ने तह दिल से आभार वक्त किया ।वह हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभमगंल कामनाएं दी गई।

## मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की उचांड पंचायत के सरपंच कर रहे है आत्मीय जनसेवा




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की उचांड पंचायत के सरपंच कर रहे है आत्मीय जनसेवा जिन्होंने अपनी पंचायत को दिए कई उपहार हाल ही में उन्होंने नए पंचायत भवन का निर्माण सिर्फ ये देखते हुए करवाया है कि ग्रामीणों को पिछले कई वर्षो से इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तो उचांड पंचायत के सरपंच जी ने एक पंचायत भवन , एक भव्य मंदिर ,भारी मात्रा में पौधारोपण , गांव में बड़ा तालाब और कोविड 19 में पंचायत के आर्थिक रूप से कमजोर घरों में राशन की सुविधा बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक करना और भी ऐसे कई सराहनीय कार्य किए है और ये सराहना उनकी पंचायत और अन्य गांव के सभी लोगों द्वारा की गई है जिसमे श्री संजय धाकड़ , मदन धाकड़ ,आकाश धाकड़ एवं समस्त पंचायत बासी
**सरपंच जी का मानना है :** कि हमे जनता ने अपने विकास के लिए चुना है तो हम जनता के भरोसे पर खरे उतरने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे और जनता की आवाज बनकर आगे तक जायेंगे

## किशनपुरा विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित,वार्षिकोत्सव मे गैर नृत्य ने मोहा मन

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**
रानी पाली किशनपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन गुरुवार को हुआ। जिसमें विद्यार्थीयो ने सामुहिक गैर पर शानदार प्रस्तुति दी साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। समारोह में अतिथियों व भामाशाह का सम्मान हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुकनाराम बावल, सरपंच देवी चौधरी, समाजसेवी हंसाराम चौधरी, पशु चिकित्सक डॉ. मदनसिंह राणावत, कार्यवाहक प्रधानाचार्य मूलाराम मीणा,भामाशाह हीरालाल चौधरी, लक्ष्मीनारायण, वार्ड पंच शरीफा बानो, पोकरलाल चौधरी, अचलाराम चौधरी, दौलाराम, वरिष्ठ सहायक हीरालाल मेघवाल सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# सम्राट अशोक सेना ने मनाई माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**
**बालाघाट ।** नगर के वार्ड क्रमांक 24 में सुरभि नगर में आज 10 मार्च को माता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। इस पुण्यतिथि आयोजन में सर्व प्रथम सम्राट अशोक सेना के राष्ट्रीय सचिव अजेय सुखदेवे के द्वारा दिप प्रज्वलित किया गया, समाज सेवक इंजीनियर सुशील डोंगरे के द्वारा माता सावित्रीबाई फुले की छायाचित्र पर माल्यर्पण किये।
पुण्यतिथि आयोजन पर अजय सुखदेवे ने देश की पहली महिला अध्यापिका एवं नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता महान समाजसेविका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन किया और कहा की सावित्रीबाई ने अपने पति के साथ मिलकर कुल 18 स्कूल खोले थे. इन दोनों लोगों ने मिलकर बालहत्या, प्रतिबंधक, गृह नामक केयर सेंटर भी खोला था. जिसमें बलात्कार से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को बच्चों को जन्म देने और उनके बच्चों को पालने की सुविधा दी जाती थी. उन्होंने महिला अधिकारों से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए महिला सेवा मंडल की स्थापना की थी. उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ भी अभियान चलाया और विधवा पुनर्विवाह की वकालत की थी। इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में माता सावित्रीबाई फुले अमर रहे अमर अमर रहे, पहली शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले के नारे लगाए गए। इस दौरान अजय पंचेश्वर, तुलसी पंजरे, प्रतीक गड़पाले, निशांत मेश्राम, चिंटू बघारे, हर्ष शेंडे, आशीष वाशनिक, राजा मेश्राम, सानू राउत, रवि चौहान, विवेक सहित बच्चों की भी उपस्थित रही।



## शरारती तत्वों ने स्कूल के दरवाजे पर लगाई शौचालय की गंदगी



**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**
**गोहद–** शासकीय माध्यमिक विद्यालय ऐचाया में विगत 2 दिनों से 9 मार्च एवं 10 मार्च को शरारती तत्वों ने शौचालय की गंदगी (लैट्रिंग) से स्कूल के गेट पर लगे हुए ताले को पूरी तरह से बिगाड़ दिया जिसे 9 मार्च को प्रधानाध्यापक द्वारा गंदगी साफ करते हुए खोल दिया गया लेकिन दूसरे दिन 10 मार्च को फिर वही स्थिति मिली जिसके कारण सभी छात्र छात्राएं गांव की सड़क पर बैठ गए प्रधानाध्यापक ने स्कूल पहुंचकर डायल हंड्रेड को सूचना दी जिसके बाद डायल हंड्रेड कर्मचारियों द्वारा पहुंचकर ग्रामीणों स्टाफ एवं छात्रों के समक्ष चौकीदार नरेंद्र सिंह से ताला खुलवाया इसकी शिकायत थाना प्रभारी गोहद बीईओ एवं बीआरसीसी को लिखित आवेदन के माध्यम से करते हुए विद्यालय में ऐसी शरारत करने वाले युवक के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु निवेदन किया वर्जन-9 मार्च एवं 10 मार्च को किसी शरारती तत्वों के द्वारा स्कूल के ताले पर गंदगी लगा दी थी जिसकी सूचना डायल हंड्रेड के साथ ही थाना एवं बीईओ ऑफिस में भी की है -रामनरेश बंसल प्रभारी माध्यमिक विद्यालय ऐचाया

## चार राज्यों में भाजपा की सरकार बनने पर रानी भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी मनाई

**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**
***पाली रानी*** – आज चार राज्यों में भाजपा की सरकार बनने पर भारतीय जनता पार्टी रानी शहर मंडल अध्यक्ष जयन्तिलाल वैष्णव, नगर पालिका अध्यक्ष भरत राठौड़, नगर पालिका उपाध्यक्ष डालचंद चौहान, के नेतृत्व में आज सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ता लाल चौक प्रताप बाजार में शामिल होकर फटाके फोडकर, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाये। *इस अवसर पर*
प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष खिमाराम चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश जैन% पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं पार्षद घिसुलाल चौधरी, मंडल महामंत्री प्रवीण पोरवाल, मंडल महामंत्री भरत जीनगर, पार्षद ललित सोनी, पार्षद मनीष मेहता , पार्षद महेश भील, पार्षद जोधा राम कुमावत, पूर्व पार्षद सुरेश अग्रवाल, भाजपा मंडल बुथ प्रभारी राघव प्रसाद पांडे, बुथ विस्तारक जय सिंह सिसोदिया, मदनलाल गौतम, डायालाल चौधरी, ईश्वर सिंह राजपुरोहित, मुकेश गर्ग,प्रवीण ऐरन, निलेश सोनी,विक्रम सोलंकी, नारायण लाल मेंशन, सुरेश कुमावत, सुमेर सेमलानी, सुखदेव सिंह राजपुरोहित पुनाडीया गौरव सोनी, वरूण गौतम, हरिश माली, कुंदन सिंह राजपुरोहित, शंकरसिंह पेंटर, बस्तीमल सुथार, सुनिल अरोड़ा, रामलाल प्रजापत, रवि धोका, रोहित वैष्णव, सेबी सरदार, मुकेश शर्मा, जगदीश सोलंकी, रमेश माली, निर्मल गर्ग रणजीत वैष्णव, मोंटू सोलंकी, गुलाब कुमावत, अशोक माली, मुकेश सुथार, प्रताप माली, रिंकू घांची, सुखदेव मालवीय, सिटू सरदार, तेजाराम चौहान, नितू राठौड़,दिलू राजा, दिनेश माली, ।आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद



## कृष्ण रुक्मिणी विवाह पर झूमे श्रद्धालु

- गोपिकाओं का प्रेम प्रसंग का किया वर्णन
- कथा व्यास - श्री रामनिवास व्यास जी भागवताचार्य

**उमाकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**भिण्ड।** जिले के ग्राम लावन में कथा स्थल-श्रीराम जानकी मंदिर जग्गा लावन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आज दिनांक 10 मार्च 2022 को प्रसंग में गोपी प्रेम, कृष्ण रुक्मणी विवाह का मंगल वर्णन करते हुए श्री व्यास जी भागवताचार्य ने कहा कि गोपी साक्षात प्रेम हैं।ध्यान भक्ति की पराकाष्ठा से गोपियाँ प्रभुमय हो गई।प्रेम में त्याग होता है वहीं मोह में उपभोग की आकांक्षा। प्रेम का तात्पर्य समर्पण है।ये प्रेम शुद्ध जीव के हृदय में जन्मता है।देह शुद्धि से दम्भ पैदा होता है पर मन शुद्धि से धर्म बढ़ता है।स्वार्थ से भरा प्रेम वासना बनता है वहीं परमार्थ से भरा प्रेम परमात्मा।अंत में व्यास जी ने सुन्दर भजन गाकर भक्तिभाव पूर्ण माहौल पैदा किया। श्रीमद्भागवत कथा 4 मार्च से 10 मार्च 2022 तक तथा दिनांक 11 मार्च 2022 को हवन एवं विशाल भंडारे का होगा आयोजन।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

### ढारिया विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**
**रानी पाली।** ढारिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव %उत्थान%2022 भामाशाह सम्मान पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच रकमो देवी ने विद्यालय विकास में हमेशा तत्पर रहने की बात कही की ।एसीबीईओ प्रेम कुमार ने शिक्षा के साथ संस्कृति को जरूर याद रखने के बारे में कहा। पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा राजपुरोहित ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए बालिकाओं को शिक्षित होकर आगे बढ़ने के बारे बताया। महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रेखा परिहार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में पुरुषों के बराबर महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है, इसलिए बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के बारे मे विस्तार पर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक खुशवीरसिंह जोजावर, प्रधान बोलागुडा तथा उपप्रधान राजपुरोहित ने दूरभाष के जरिए विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम पर बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।वही प्रधानाचार्य योगेशसिंह राठौड ने अतिथियों व ग्रामीणों का आभार जताते हुए विद्यालय में संचालित गतिविधियों के बारे में बताया।

#### इनका हुआ सम्मान

समारोह में कबड्डी खेल प्रतियोगिता एवं विभिन्न क्षेत्र में 20 प्रतिभावान विद्यार्थियों का मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी के साथ बेहतर रिजल्ट के लिए ग्रामीणों द्वारा विद्यालय स्टाफ का सम्मान, जिला स्तर पर विज्ञान विजेता बालिका का सम्मान, पूर्व विद्यार्थियों सम्मान के कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

#### यह भी रहे मौजूद

इस मौके पर सरपंच रकमो देवी चौधरी, एसीबीईओ प्रेम कुमार, प्रधानाचार्य योगेशसिंह राठौड़, पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा राजपुरोहित, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रेखा परिहार, समाजसेवी श्रवसिंह राव नादाणा, प्रधानाचार्य राजेश झालानी, अजय जैन जवाली, पोखराम, वार्ड पंच दिलीप मेंशन, दरिया देवी, रमेश दोलाराम मेंशन समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर कार्यकर्ता खुशी से सराबोर

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने परेड चौराहे पर आतिशबाजी चलाकर मनाया जश्न एवं किया मिष्ठान वितरण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी को चार राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक विजय पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के परेड चौराहे पर आतिशबाजी चलाकर जशन बनाते हुए मिष्ठान वितरण किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं चार राज्यों में भाजपा की विकास जन कल्याण योजनाओं की जीत बताते हुए प्रदेश के मतदाताओं को बधाई दी द्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही दूरदर्शन टीवी चैनल के माध्यम से चुनाव परिणाम देख रहे थे एवं उत्तर प्रदेश, मणिपुर, गोवा, उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी की जीत का परचम का समाचार सुनते ही खुशी की लहर दौड़ गई, सभी पार्टी कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लेकर शहर के परेड चौराहे पर पहुंचे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार का हर जगह परचम फहराते हुए आतिशबाजी चलाई और एक दूसरे को बधाई देते हुए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया द्य
भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विजय यात्रा में नारे लगाते हुए कहा गया कि उत्तर प्रदेश सहित चार राज्यों को जीत लिया अब मिशन 2023 में मध्य प्रदेश की बारी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ो देश तुम्हारे साथ है योगी जी नेतृत्व करो उत्तर प्रदेश आपके साथ हैं इस प्रकार नारों के बीच पूरा शहर भारतीय जनता पार्टी के जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा द्य
भाजपा महिला मोर्चा ने भी चार राज्यों में मिली भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर फूलों की होली खेलकर जश्न मनाया और मातृशक्ति की बहनों ने नृत्य करते हुए योगी आदित्यनाथ इन चार राज्यों के प्रदेश के मतदाताओं को बधाई विधि और कहा कि मोदी और योगी की सरकार ने जिस तरह देश और प्रदेश में विकास जन कल्याण योजनाओं के लिए महिलाओं के लिए कार्य किया और हमारी मातृशक्ति ने अपने अपने बूथ के अंदर पर कमर कसकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को प्रचंड जीत जलाकर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की और वही एक दूसरे पर रंग बिरंगे फूल खिलकर होली जैसा जश्न मनाया द्य
भारतीय जनता पार्टी मंडल मौ में चार राज्यों में प्रचंड बहुमत के साथ हुई जीत के उपलक्ष में नगर मौके गोलंबर चौराहा व नवीन बस स्टैंड गोलंबर चौराहा पर विजय यात्रा और फटाके व मिष्ठान वितरण किया द्य मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह पूर्व मंडी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह रामदत्त यार सिंह गुर्जर कार्यकर्ता उपस्थित थे द्य
मोदी, योगी की सुनामी में एक बार फिर से चार राज्यों में भाजपा की पूर्ण बहुमत रूपी सरकार बनने पर बिहारी बाल मंदिर के संचालक राजेश शर्मा एवं संतोष सिंह मसूरी पवन भदौरिया ने भी अपने निवास पर चूरमा के लड्डू का वितरण करते हुए एक दूसरे को बधाई दी द्य




## यूथ जिलाध्यक्ष राजेश सैनी सवाई माधोपुर ने आरसीए अध्यक्ष व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत का सवाई माधोपुर पधारने पर किया स्वागत



**जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**
**राजस्थान ।** राजेश सैनी ने श्री वैभव गहलोत को कहा माली सैनी समाज सवाई माधोपुर जिले की चारों विधानसभाओं व अन्य चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाता है लेकिन सवाई माधोपुर के माली समाज को ना सरकार में कोई दायित्व मिलता है ना संगठन में कोई पद मिलता है आने वाले 2023 के चुनाव को मध्य नजर रखते हुए मैं समाज की ओर से आपसे गुजारिश करता हूं किसी कर्मठ कार्यकर्ताओं को अन्य बोर्ड में चेयरमैन या सदस्य बनाने की कोशिश करें इस दौरान कन्हैया लाल सैनी आरक्षण संघर्ष समिति अध्यक्ष घनश्याम सैनी केएल सैनी बरवाड़ा चौथमल सैनी आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

## दुर्गापुर में लगने वाले समस्या निवारण शिविर के स्थल का विधायक राकेश गिरी ने किया निरीक्षण

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**
**टीकमगढ़ ।** ग्राम दुर्गापुर और श्रीनगर में गुरुवार लगने वाले जन समस्या निवारण शिविर के स्थल का अधिकारियों के साथ पहुंचकर निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सी पी पटैल जी, तहसीलदार आरपी तिवारी जी, सीईओ संजीव गोस्वामी जी, नायब तहसीलदार पीयूष दीक्षित जी, नंदकिशोर दीक्षित जी,राजकुमार सोनी जी सचिव अधिकारी कर्मचारीगण जिला प्रशासन ग्रामीण जन मौजूद रहे।



# अचानक संजीवनी क्लीनिक पहुंचे केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया





### स्वास्थ्य व्यवस्थाएँ देखीं और मरीजों के जाने हालचाल

ग्वालियर। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुरुवार को तीन दिन के प्रवास पर ग्वालियर आए। ग्वालियर आने के बाद श्री सिंधिया सीधे कांच मिल क्षेत्र में संचालित संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। श्री सिंधिया ने सहजता के साथ डॉक्टर व स्टाफ से चर्चा कर यहाँ उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही यहाँ की आवश्यकताओं के बारे में भी चर्चा की। श्री सिंधिया ने इस दौरान मरीजों से भी बात की और उनके हालचाल जाने। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी भी उनके साथ थे।

कांच मिल क्षेत्र में वर्ष 2019 से संजीवनी क्लीनिक संचालित है। जिला अस्पताल एवं जयारोग्य चिकित्सालय समूह पर बढ़ते दबाव को कम करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संजीवनी क्लीनिक खोले गए हैं। संजीवनी क्लीनकों के काम करने के तरीके को जानने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दिल्ली से ग्वालियर पहुँचने के बाद सीधे इस संजीवनी क्लीनिक पहुंच गए। श्री सिंधिया ने संजीवनी क्लीनिक के स्टाफ से कहा कि सरकार ने मरीजों को उनके घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराने के लिये संजीवनी क्लीनिक खोले हैं। इसके पीछे यह भी उद्देश्य है कि बड़े अस्पतालों से मरीजों का दबाव कम हो। इसलिये संजीवनी क्लीनिक के समस्त स्टाफ की जिम्मेदारी है कि यहाँ आने वाले हर मरीज को सहज व सरल तरीके से बेहतर उपचार मिले।

#### डिजिटल आधार पर काम करता है संजीवनी क्लिनिक

संजीवनी क्लीनिक पूरी तरह डिजिटल है। इसमें मरीजों के उपचार की पूरी जानकारी ऑनलाइन रहती है। डॉक्टर को दिखाने के बाद जब मरीज औषधि केंद्र पर जाएगा तो वहां से डॉक्टर का परामर्श ऑनलाइन देखकर औषधियां दी जा सकती हैं। साथ ही मरीज को दवा कितनी, कैसे और कब लेनी है यह भी समझाया जाएगा। संजीवनी क्लीनिक से क्षेत्र की जनता को ब? अस्पतालों में आने जाने के 100-200 रुपए के व्यय से छुटकारा मिलेगा। साथ ही सभी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। शहर में जल्द ही पीएचई कॉलोनी में भी संजीवनी क्लिनिक और सेवा नगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाएगा। शहर में कुल छह संजीवनी क्लिनिक प्रस्तावित हैं।

## ग्वालियर के चहुँमुखी विकास के लिए निरंतर किए जायेंगे कार्य : केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया

### साढ़े 11 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन



ग्वालियर। ग्वालियर की प्रगति और विकास ही हम सबका लक्ष्य है। केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा ग्वालियर के विकास के लिये अनेक बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है। ग्वालियर में आधुनिक हवाई अड्डा, आधुनिक रेलवे स्टेशन का निर्माण, एक हजार बिस्तर के अस्पताल का निर्माण के साथ ही स्वर्ण रेखा पर एलीवेटेड रोड़ के निर्माण की भी स्वीकृति हुई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर ग्वालियर की तस्वीर बदली-बदली नजर आयेगी। ग्वालियर के विकास के लिये निरंतर कार्य किए जायेंगे। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरूवार को ग्वालियर में साड़े 11 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों के भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यह बात कही। वार्ड क्र.-1 के किशन बाग में आयोजित समारोह में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, राज्य मंत्री श्री सुरेश राठखेड़ा तथा क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि के साथ ही संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, क्षेत्रीय पार्षद श्री जगत सिंह कौरव और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में 5 करोड़ 74 लाख रूपए की लागत से लक्ष्मीपुरम किशनबाग में 30 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण लागत 4 करोड़ 83 लाख, एबी रोड़ किशनबाग के बरागाँव तिराहे तक सड़क एवं नाला निर्माण लागत 41 लाख रूपए का भूमिपूजन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कै. श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी को पुष्पांजली अर्पितः डॉ देवेन्द्र शर्मा

#### 77वीं जयंती पर पुष्पांजली जीवन जिनका सदा विकास में रहा समर्पित



ग्वालियर। कै. श्रीमंत माधवराव सिधिया जी की 77वीं जयंती के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में आज प्रातः 9 बजे सभी कांग्रेसजन कटोराताल स्थित छत्री पर पहुंचे जहां पर कै. श्रीमंत सिंधिया साहब की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने कै. श्रीमंत माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर माला अर्पण कर पुष्पांजली अर्पित कर उपस्थित कांग्रेसजनो को संबोधित करते हुए कहा कि कै. श्रीमंत माधवराव सिंधिया ने कांग्रेस में प्रवेश के बाद ही ग्वालियर चंबल संभाग देश और प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए अंतिम समय तक कार्य किया और असंभव को भी संभव करने की क्षमता कै. श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी में थी और इसका स्पष्ट प्रमाण है गुना-ईटावा रेल्वे लाईन, योजना है जिसे स्वीकृत कराने में 1977 में जनता पार्टी शासन काल के तात्कालीन विदेश मंत्री श्री अटल विहारी वाजपेयी ने गुना ईटावा रेल योजना का स्वीकृत कराने के लिये कहा था कि यह असंभव है लेकिन 1984 में रेल मंत्री बनते ही कै. श्रीमंत सिंधिया ने इस असंभव कार्य को संभव बनाकर दिखाया ओर ग्वालियर अंचल को राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा से जो?कर उन्होने रेल, वायुयान, दूरदर्शन, आकाशवाणी, पर्यटन, शिक्षा, उच्च शिक्षा, खेल जैसे अनेक क्षेत्रो में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये, देश की राजनीति में संसदीय दल के उपनेता के रूप मे लोकसभा मे एक अमिट छाप छो?ी। जिसका प्रभाव आज भी कायम है, देश की सबसे गति से चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस का निमार्ण उनकी प्रमुख देने हे ओर रेल्वे का विधुतीकरण उनकी महत्वपूर्ण योजना का हिस्सा है जो आज पूर्ण हो चुकी है जम्मू से कटरा तक, कटरा से श्रीनगर तक रेल्वे चलाने का निर्माण कार्य का षिलन्यास उनके कार्यकाल में हुआ।






# लंबे समय तक साथ नहीं देता अनीति से कमाया धनः रमेशभाई

### फूलबाग सांईधाम में कथा के दूसरा दिन केंद्रीय मंत्री सिंधिया पहुंचे



ग्वालियर। जो लोग ये कहते हैं कि अधिक धन अनीति से ही कमाया जा सकता है, यह पूर्ण सच नहीं हैं। नीति पूर्वक भी धन कमाया जा सकता है। अनीति से कमाया धन लंबे समय तक साथ नहीं देता है और कुछ समय बाद चला जाता है। सांईधाम फूलबाग में श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराते हुए यह सद्विचार संत रमेशभाई ओझा ने गुरूवार को दूसरे दिन की कथा में व्यक्त किए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य *सिंधिया ने भी लगभग एक घंटे कथा श्रवण किया।

संत रमेशभाई ने हजारों श्रोताओं को कथा सुनाते हुए कहा कि हमारे यहां गुजराती में कहा जाता है कि जिसकी घरवाली के नाक की नथनी का हीरा जितना बड़ा होगा, उसका धंधा उतना ही खोटा होगा, लेकिन यह सच नहीं हैं। लोग पुरूषार्थ करके नीतिगत ढंग से भी धन कमा रहे हैं। नीति से कमाया धन सुख और अनीति से कमाया धन अशांति पैदा करता है। उन्होंने अनीति से धन कमाने वालों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लहसुन प्याज नहीं खाएंगे, लेकिन रिश्वत खाने में उनके कोई परहेज नहीं हैं। धार्मिक इतने है कि पानी छानकर और गरीबों का खून सीधे पीते हैं। उन्होंने कहा धन नीति से कमाओ। समाज में रीति से रहो और भगवान का भजन प्रीति से करो। इस त्रिवेणी में जो स्नान कर लेता है वो नित्य प्रयागराज में स्नान करने का पुण्य हासिल करता है। उन्होंनें कहा कि समाज की दशा खराब इसलिए है कि कोई दिशा दिखाने वाला नहीं हैं।

#### ब्राह्मणों का करो सम्मान.....

उन्होंने कहा कि संसार देवीय शक्तियों के अधीन है और देवीय शक्तियां मंत्रों के अधीन है और मंत्र शक्ति ब्राह्मणों के पास है,इसलिए ब्राह्मण वंदनीय है। ब्राह्मण भगवान के विराट स्वरूप का मष्तिष्क है। क्षत्रिय भुजाएं, वैश्य धड़ और शूद्र चरण हैं। चरण न हो तो गतिशीलता नहीं रहेगी,लेकिन सबसे महत्वपूर्ण अंग मस्तिष्क ही होता है, इसलिए हमें वंदनीय ब्राह्मण की रक्षा करनी चाहिए।

उन्होंने धर्म और राष्ट्र का मर्म समझाते हुए कहा, कि जिस राष्ट्र के संविधान में धर्म में श्रद्धा नहीं होगी, वहां राष्ट्र के संविधान में भी श्रद्धा नहीं होगी। धर्मसत्ता, समाज और शासन मिलकर समाज को सुनियंत्रित करते हैं, जिससे समाज का मंगल होता है। धर्म पाप और पुण्य का बोध कराता है। समाज नैतिक और अनैतिक का फर्क कर गलत नहीं करने से रोकता है।

राजा परीक्षत के कथा प्रसंग में कथामृत का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि देवताओं से प्राप्त अमृत से दीर्घ जीवी हो सकते हैं लेकिन कथामृत से दिव्यजीवी हो जाते हैं। देवता भी कथा श्रवण के लिए जब गंगातट पर पहुंचे तो यह जानकर राजा परीक्षत ने अमृत को त्याग कथामृत का चयन किया। शुकदेव से परीक्षत ने कथा सुनी और सभी भयों के साथ मौत के भय से भी मुक्त हो गए।यही मुक्ति है। उन्होंने कहा कि कथा कोरा कर्मकांड नहीं है। ये जीवन को सफल बनाने वाली आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जो सत्य, प्रेम और करुणा का संदेश देती है। कथा रूपी गंगा का गौमुख करुणा है। करुणा से ये प्रगटी है। कथा प्रवाहित होकर जिस समुद्र में मिलती है, उसका नाम प्रेम है। करुणा और सत्य भगवान का स्वरूप है। मोह को मुक्तिमार्ग का सबसे बड़ा खलनायक बताते हुए उन्होंने कहा कि मोह अनेक प्रकार के उपद्रव करता है। वही मुख्य शत्रु है, वही खलनायक है। रावण मोह का , कंभुकरण अंहकार और मेघनाद काम का प्रतीक है,लेकिन मोह का क्षय हो जाता है और धीरे धीरे अंहकार,काम सब काल के गाल में समां जाते हैं। महादेव का तीसरा नेत्र जब खुलता है तो सब भस्म हो जाता है, इसलिए परमात्मा की प्राप्ति के लिए प्रयास करें, इसी निमित्त मनुष्य जन्म मिला है।

## विधायक डॉ.सिकरवार ने बिस में उठाए कई सवाल

ग्वाल्यिर। विधायक डॉ.सतीश सिकरवार ने विधानसभा में अनेक सबाल उठाते हुए पूंछा कि क्या खाद्य मंत्री यह बताएंगे कि ग्वाल्यिर चंबल संभाग के जिल्रों एवं सीहोर, देवास, सागर ,पन्ना जिल्रों में वर्ष 2021 एवं 2022 में कितनी समितियों द्वारा कितना बाजरा ज्वार खरीदा गया। जिल्र बार खरीद की मात्रा की जानकारी दें और यह भी बताएं कि क्या उक्त खरीदे गए बाजरा ज्वार को गोदाम स्तर पर अनुपयोगी बताकर परिवहन नहीं किया गया है, जबकि बाजरा की क्वाल्टिी अन्य वर्षो की तुल्रना में समान थी क्यों, सबसे अधिक बाजरा ज्वार किस जिले की किस समिति द्वारा खरीदा गया। क्या उक्त खरीदी की जानकारी जिल्रों के जिम्मेदार अधिकारियों की नहीं थी इतनी मात्रा मैं हुई खरीद की जानकारी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा समय पर क्यों नहीं ल्री गई, जिल्रों में कौन अधिकारियों की जिम्मेदारी थी पद नाम सहित जिल्र बार जानकारी दी जाए उनके खिल्राफ क्या कार्रवाई की जावेगी अभी तक कितने जिल्रों में किसानों के बाजरा ज्वार की वापसी हो चुकी है। जिल्र बार मात्रा सहित जानकारी दी जावे। खाद्य मंत्री बिसाहूल्राल सिंह ने ग्वाल्यिर एवं चंबल संभाग के जिले तथा सीहोर, देवास, सागर, पन्ना, जिल्र में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में समर्थन मूल्य पर ज्वार एवं बाजरा उपार्जन करने वाल्री समितियों एवं जिल्रेवार उपार्जित मात्रा जानकारी देते हुए वताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित ऐसे मापदंडों के अनुसार मानक स्तर का ज्वार एवं बाजरा उपार्जन करने का प्रावधान है। प्रदेश में उपार्जित मोटे अनाज का वितरण ल्रक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाल्री के अंतर्गत कराया जाता है। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजी.त किसानों से ऐसे क्यों गुणवत्ता का ज्वार एवं बाजरा उपार्जन कर गोदामों में भंडारित कराया गया है। समर्थन मूल्य पर ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु गुणवत्ता प्रशिक्षण उपार्जन केंद्र एवं भंडारण केंद्र पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार किया जाता है। उपार्जन हेतु विगत वर्षो में उपार्जित ज्वार एवं बाजरा की गुणवत्ता की तुल्रना नहीं की जाती है। खरीफ विवरण वर्ष 2021-22 में ग्वाल्यिर जिले की प्राथमिक .षि साख सहकारी समिति तिघरा द्वारा 8183 क्विंटल बाजरा एवं प्राथमिक .षि साख सहकारी समिति हस्तिनापुर द्वारा 27781 कुंट्ल ज्वार खरीदी गई, जो कि सर्वाधिक है। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में मोटा अनाज ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन की व्यवस्था की निगरानी हेतु प्रत्येक जिले में जिल्र स्तर पर जिल्र उपार्जन समिति एवं अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय उपार्जन समिति का गठन किया गया, जिनके द्वारा उपार्जन कार्य की सतत् निगरानी एवं पर्यवेक्षण किया जाता है। उपार्जन समिति के कर्मचारियों को स्कंद के गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

# स्वच्छता महोत्सव से बनेगा शहर में स्वच्छता का माहौलः सांसद श्री शेजवलकर

### स्वच्छता महोत्सव 2022 के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



ग्वालियर। शहर की स्वच्छता के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक अभियान चलाना होगा जिससे ही शहर में स्वच्छता का माहौल बनेगा। स्वच्छता महोत्सव के लिए हम सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में आम नागरिकों के बीच जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करें तथा स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता हो यह हम सभी को सुनिश्चित करना होगा। उक्ताशय के विचार सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने नगर निगम ग्वालियर द्वारा 12 मार्च 2022 को वार्ड स्तर पर आयोजित किए जा रहे वृहद स्वच्छता महोत्सव की तैयारियों को लेकर पूर्व पार्षदगणों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष व्यक्त किए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सहित अनेक पूर्व पार्षदगणों एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बालभवन के टीएलसी में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने सभी पूर्व पार्षदगणों एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि स्वच्छता महोत्सव वार्ड स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य शहर में स्वच्छता का माहौल बनाना, प्रत्येक जन-जन को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना एवं स्वच्छता में सहभागिता के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के तहत शहर के प्रत्येक वार्ड में प्रातः संबंधित वार्ड के किसी व्यक्ति विशेष या अन्य जनप्रतिनिधि के नेतृत्व में स्वच्छता रैली निकाली जाएगी, रैली का नेतृत्व वार्ड के जनप्रतिनिधि द्वारा किया जाएगा। रैली में क्षेत्र में सफाई कर्मी को शामिल नहीं किया जाएगा जिससे उनका कार्य प्रभावित नहीं हा। रैली के माध्यम से घरों से संपर्क कर उनको स्वच्छता की जानकारियां दी जाएंगी तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत मोबाइल एप के माध्यम से सिटीजन फीडबैक देने के लिए आग्रह किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि कम से कम 1 लाख लोगों द्वारा एक दिन में ही अपने शहर की स्वच्छता के प्रति सिटीजन फीडबैक दिया जाए जिसका लाभ हमारे शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में मिलेगा। निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि स्वच्छता महत्सव को मुख्य आयोजन महाराज बाडे पर प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित बडी संख्या में आमजन सहभागिता करेगें। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व सभापति श्री गंगाराम बघेल, पूर्व एमआईसी सदस्य श्री धर्मेन्द्र राणा, श्री खेमचंद गुरवानी, पूर्व पार्षद श्री बलवीर सिंह तोमर, श्री दिनेश दीक्षित, श्री दयाराम पाल, श्री धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह, श्री भूपेन्द्र मोगनिया, श्री मुकेश परिहार, श्रीमती गीता मानसिंह कुशवाह, श्री मेहताब कंसाना, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि श्री शिवराम जाटव, श्री स्वतंत्र सक्सैना, श्री राकेश लोधी, श्री पोहप सिंह, अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री मुकुल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## शांतिनाथ जैन मदिंर में सिद्धचक्र महामंडल विधान में आज से सिद्धों की आराधना गूंजी

### महिलाओं ने निकाली मंगल कलश यात्रा, जायानुष्ठान के साथ शुरू हुआ सिध्दचक्र महामंडल विधान

### गाजे बाजे के साथ मंगल कलश यात्रा निकाली, महिलाओ व पुरुषों ने भक्ति नृत्य किया।

### 10 से 17 मार्च तक सिद्धचक्र महामंडल विधान महोत्सव शुरू हुआ।

ग्वालियर-शिंदे की छावनी स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मदिर में विधानचार्य पंडित चंदप्रकाश जैन चंदर के मार्गा दर्शन मे सिद्धो की आराधना करने के लिए अष्टनिक महापर्व पर श्री 1008 सि्द्धचक्र महामंडल विधान



महोत्सव एवं विश्वशान्ति महायज्ञ व रथयात्रा महोत्सव का आज गुरुवार को घटयात्रा शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि विधान के पहले दिन सुबह गाजे बाजे के साथ शिंदे की छावनी शांतिनाथ जैन मंदिर से मंगल कलश निकाली गई। मंदिर से शुरू हुई मंगल कलश यात्रा में महिलाएँ लाला केसरिया सॉडीयों में सिर मंगल कलश रखकर चल रही थी। घटयात्रा में महिलाएँ, पुरुषवर्ग व बच्चे नृत्य करते हुए चल रहे थे। यहाँ मंगल कलश यात्रा विभिन मार्गो से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल जैन मंन्दिर पहूँची।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478